# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री



गर्मी से राहत दिलाने संजय तरण पुष्कर का स्वीमिंग पुल तैयार।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11 फेरा लगाएगी ट्रेन

**बिलासपुर।** ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11-11 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से 19 अप्रैल से 28 जून तक 11 फेरा प्रत्येक रविवार को चलेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, हरिद्वार से 20 अप्रैल से 29 जून 11 फेरा प्रत्येक सोमवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है । गाड़ियों की समय सारिणी –

0 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से प्रत्येक रविवार को 11 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 11.36 बजे, भाटापारा 12.28 बजे, उसलापुर आगमन 13.45 बजे, पेंड्रारोड आगमन 15.13 बजे, अनूपपुर आगमन 15.53 बजे, शहडोल आगमन 16.35 बजे, एवं उमरिया आगमन 17.33 बजे, तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए होते हुए दूसरे दिन सोमवार को 17.30 बजे हरिद्वार स्टेशन पहुंचेगी ।

0 इसी प्रकार 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से प्रत्येक सोमवार को 18.55 बजे रवाना होगी। दूसरे दिन उमरिया आगमन 18.44 बजे, शहडोल आगमन 19.45 बजे, अनूपपुर आगमन 20.33 बजे, पेंड्रारोड आगमन 21.10 बजे, उसलापुर आगमन 23.40 बजे, तीसरे दिन भाटापारा आगमन 00.40 बजे, रायपुर आगमन 01.40 बजे, तथा बुधवार को 03.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी । रास्ते में ये गाड़ी दोनों दिशाओं में रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा, कोसीकलाँ, निज़ामुद्दीन, मेरठ नगर, रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी ।

### संविदा पदों की पात्रता सूची जारी दावा आपत्ति 30 तक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल असिस्टेंट-एनओएचपी, फीडिंग डिमांसट्रेटर-एनआरसी, एमपीडब्ल्यू-यूएएम, सेक्रेट्रियल असिस्टेंट-आईडीएसपी, एनपीसीबी, कुक-एनआरसी, क्लीनर-एसएनसीयू, आयाबाई-एसएनसीयू की पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में सीएमएचओ के नाम से 30 मार्च को शाम 5 बजे तक कार्यालय के आवक जावक शाखा में जमा कर सकते है। पदों की सूची एवं दावा आपत्ति का प्रारूप कार्यालय सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाइट www.bilaspur.gov.in पर देखा जा सकता है।

### दिव्यांग परीक्षण और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 1 से

**बिलासपुर।** दिव्यांगों के लिए 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक निःशुल्क परीक्षण और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मखीजा सोनोग्राफी सेंटर के सामने मगरपार रोड में लगाया जा रहा है। धर्म जागरण समन्वय एवं शहीद विनोद चौबे नगर वार्ड 32 के संयुक्त तत्वावधान में परीक्षण और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर परमार्थ निकेतन ऋषिकेश एवं महावीर सेवा सदन कोलकाता द्वारा किया जा रहा है। शिविर में जिले के दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग हाथ पैर एवं कैलीपर बनाकर दिया जाएगा। इसमें जरूरतमंद सभी दिव्यांग जनों को उनकी आवश्यकता अनुसार नाप लेकर तुरंत कुछ ही घंटे में कृत्रिम हाथ-पैर कोलकाता एवं इंदौर के कुशल कारीगरों एवं डॉक्टर के मार्गदर्शन में बनाकर दिया जाएगा।

# 21 साल पहले अस्तित्व में आई बर्ड फ्लू बीमारी, बिलासपुर में पहली बार

## प्रदेश के कई जिलों में फैल चुका है इसका प्रकोप, बिलासपुर तक पहुंचने में लगे 20 साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में वर्ष 2004-05 में पक्षियों में वायरस से फैलने वाली बर्ड फ्लू नामक बीमारी का पता चला था, तब से आज तक प्रदेश के रायगढ़, अंबिकापुर एवं दुर्ग सहित विभिन्न जिलों में बर्ड फ्लू का प्रकोप देखा जा चुका है। 21 वर्षों में यह पहला अवसर है जब बर्ड फ्लू ने बिलासपुर में अपने पैर पसारे हैं।

बिलासपुर में अब तक बर्ड फ्लू के नाम की केवल हवा ही चली है। यह पहली बार है, जब इस बीमारी ने शहर में अपने पैर पसारे हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार हवा से फैलने वाली इस बीमारी को बर्ड फ्लू के नाम से वर्ष 2004-05 में पहली बार चिन्हांकित किया गया था। इसके बाद प्रदेश के कई जिलों में इसका प्रकोप देखा गया। विभाग के अनुसार प्रदेश में दुर्ग, अंबिकापुर एवं रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों में इसका प्रकाप फैल चुका है, लेकिन यह अब तक यह बीमारी बिलासपुर तक नहीं पहुंच सकी थी। बीस वर्षों तक लगातार शहर बर्ड फ्लू नामक संक्रामक बीमारी से बचता रहा, लेकिन आखिरकार इस साल इसने पहली बार शहर में अपने पैर पसार ही लिए। विशेषज्ञों के अनुसार बर्ड फ्लू के वायरस जनवरी से लेकर मार्च महीने के बीच विशेष रूप से फैलते हैं, जिससे इन तीन महीनों में कुक्कुट प्रक्षेत्रों में विशेष देखभाल एवं सतर्कता की जरूरत होती है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग की टीम न केवल शासकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र से एक किलोमीटर के दायरे में मुर्गे-मुर्गियों का पता लगाकर उनका नष्टीकरण कर रही है, बल्कि दस किलोमीटर के दायरे में लगातार छापामार अभियान चलाकर दुकानों को बंद भी कराया जा रहा है। एसडीएम बिलासपुर मनीष साहू ने बताया कि शहर में किसी भी व्यावसायी द्वारा चिकन दुकान न खोली जाए, इसके लिए तालापारा, राजीव गांधी चौक, सत्यम चौक, गणेश चौक सहित संभावित दुकानों के आसपास लगातार सतत निगरानी की जा रही है।

23 मार्च 2026 | 24 मार्च 2026 | 25 मार्च 2026




### 18 घरों में मिली मुर्गी, नष्टीकरण हुआ

जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार पशुपालन विभाग द्वारा शहर के आसपास मुर्गे व मुर्गियों की खोज जारी है। इसके अंतर्गत टीम द्वारा देवनगर क्षेत्र में किसानों के घरों में 18 मुर्गे व मुर्गियां मिली हैं। किसानों द्वारा मुर्गे-मुर्गियों को पालकर रखा गया था। बर्ड फ्लू के संबंध में जानकारी देते हुए इन मुर्गे-मुर्गियों का नियमानुसार नष्टीकरण कर दिया गया है।

### पहली बार दिखाया असर

बर्ड-फ्लू नामक बीमारी को वर्ष 2004-05 में ट्रेस किया गया था। तब से अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में इसका प्रकोप फैल चुका है। बिलासपुर के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि यहां बर्ड-फ्लू ने अपना असर दिखाया है।

-जीएस तंवर
संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

## चालान जल्द पेश करने व जब्त वाहन को वापस करने मांगी रिश्वत

# 50 हजार रुपए घूस लेते रेंजर व डिप्टी रेंजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/मुंगेली

- एसीबी ने की कार्रवाई

एसीबी ने चालान जल्द पेश करने व जब्त वाहन को वापस करने के एवज में एक व्यक्ति से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते अचानकमार टाइगर रिजर्व सुरही रेंज के रेंजर पल्लव नायक व डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव को कोटा के मित्र मिलन रेस्टोरेंट से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, लोरमी जिला मुंगेली निवासी अजीत कुमार वैष्णव ने शिकायत की। दिसंबर 2025 में वे अपने साथियों के साथ सुरही रेंज में चार पहिया वाहन लेकर घूमने गए थे। जहां पर उन लोगों के द्वारा एयरगन लेकर एक रील बना लिया गया था। बाद में उनका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया था, जिससे उनके व साथियों के विरूद्ध वन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी। उनके वाहन को जब्त कर लिया गया था, वे लोग 18 दिन जेल में बंद थे। जेल से छूटनेके बाद वह प्रकरण में जल्द चालान पेश करने के लिए सुरही रेंज के डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव से मिले तो उन्होंने चालान पेश करने के लिए 4 से 5 लाख रुपए तक खर्च आने और वाहन को छोड़ने के एवज में 70 हजार रुपए खर्चा आना बताकर रिश्वत की मांग की गई, वे रिश्वत नहीं देना चाहते थे। सत्यापन कराने पर शिकायत सही पाई गई। 26 मार्च को शिकायतकर्ता वैष्णव रिश्वत देने के लिए कोटा स्थित मित्र मिलन रेस्टोरेंट गए और डिप्टी रेंजर के द्वारा मांगी गई रिश्वत राशि की प्रथम किश्त 50 हजार दिया। उसके बाद टीम ने रिश्वत की रकम 50 हजार रुपए सहित डिप्टी रेंजर श्रीवास्तव को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। मित्र मिलन रेस्टोरेंट में डिप्टी रेंजर श्रीवास्तव के साथ रेंजर पल्लव नायक भी उपस्थित थे। एसीबी ने आरोपी मनीष श्रीवास्तव के खिलाफ धारा 7 व रेंजर पल्लव नायक के विरूद्ध धारा 7, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की है।



आरोपियों से रिश्वत लेने के मामले में बयान लेती एसीबी की टीम।



रेंजर पल्लव नायक, डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव

### 2 साल में 45 वीं कार्रवाई

डीएसपी श्री सिंह ने बताया कि पिछले 2 साल में यह लगातार 45 वीं ट्रैप की कार्रवाई है। एसीसी की उक्त ताबड़तोड़ कार्रवाई से आसपास क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया है। एसीबी द्वारा किसी भी विभाग के लोकसेवन के द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर तत्काल एसीबी को देने अपील की गई है।

# स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद, 135 घरों का सर्वे, 540 लोगों की जांच

- बर्ड फ्लू यानी एवियन इन्फ्लुएंजा के वायरस 72 घंटे में होते हैं एक्टिव
- सिम्स में 20 आईसोलेशन वार्ड और वेंटिलेटर की व्यवस्था

प्रशासन की ओर से जिले में बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता जारी करने के बाद स्वास्थ्य विभाग लगातार जांच कर रहा है। दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग ने कोनी क्षेत्र के 135 घरों में सर्वे किया और इस दौरान 540 लोगों की जांच की। जिसमें से 3 लोगों को सामान्य सर्दी खांसी पाई गई है। भले ही अभी तक किसी भी व्यक्ति के बर्ड फ्लू के वायरस के लक्षण नहीं मिले हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी दिखा रहा है।

एचएफएन 1 वायरस यानी बर्ड फ्लू सामान्यतः इंफैक्टेड होने के 72 घंटे के बाद ही अपना असर दिखाता है। सर्दी खांसी और बुखार के साथ ही आंखों का लाल होना सामान्य लक्षण में शामिल है। जिले में महज मुर्गों में ही इसके वायरस पाए गए है, जबकि किसी व्यक्ति के संपर्क में आने की बात फिलहाल सामने नहीं आई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम कोनी क्षेत्र के 3 किमी को संवेदनशील मानकर दो दिनों से लगातार सर्वे और परीक्षण कर रही है। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की आईडीएसपी की टीम मौके पर पहुंचकर 135 घरों में सर्वे किया और इस दौरान 540 लोगों की जांच की। स्वास्थ्य विभाग ने वायरस से बचाव के लिए दवा टेमीफ्लू 75 एमजी का भंडारण कर लिया है। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने बताया कि पीपी किट के साथ ही हमारी टीम मौके पर पहुंची थी, पहले दिन 130 घरों का सर्वे किया गया था, लेकिन गुरूवार को भी कोनी क्षेत्र में ही सर्वे किया गया है। सामान्य बीमारी के लक्षण मिले हैं। वहीं जिस जगहों पर मुर्गियां मृत पाई गई थीं, वहां के 7 घरों में सर्वे कर लिया गया है, कर्मचारी के साथ ही परिजनों को भी सर्तकता बरतने के लिए कहा गया है। अब तक किसी में लक्षण नहीं मिले है। टीम का लगातार निरीक्षण जारी है।

### सिम्स में उपलब्ध है जांच

सिम्स के अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि 20 बेड आईसोलेशन वार्ड तैयार है, यह आपातकालीन समय के लिए हर समय रेडी रहता है। बर्ड फ्लू ज्यादातर कांटेक्ट में आने के कारण फैलता है। फिलहाल कोई मरीज नहीं आया है, लेकिन अगर कोई मरीज आते हैं तो आरटीपीसीआर और दवाओं की पूरी व्यवस्था कर दी गई है। वहीं डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने बताया कि हमने किट मंगाया है। सिम्स में जांच के लिए हाईफ्लो नेजल कैनुला, वेंटिलेटर और लक्षणात्मक दवाइंया उपलब्ध है। हमारी अपील लोगों से अपील है कि पहले की तरह खांसे और छींकते समय मुंह पर रूमाल रखे और बाहर का खाना कम से कम खाएं।




बंद रही दुकानें।

# दुर्घटना में घायल 8 वर्षीय बालक को छोड़ भागे युवक

## कोनी गुड़ाखू फैक्ट्री के पास हुआ था हादसा, बच्चे की जान बची, रिकवरी में लगेगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में उस समय हड़कंप मच गया, जब लगभग 8 वर्षीय अज्ञात बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल के आपातकालीन विभाग के बाहर छोड़कर अज्ञात लोग फरार हो गए। इसकी जानकारी इमरजेंसी के ड्यूटी दे रहे डॉ राजेन्द्र सिंह ने मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ लखन सिंह दी और बच्चे का इलाज शुरू किया गया। सिम्स द्वारा वायरल किए फोटो के आधार पर बच्चे की पहचान हो चुकी है, वहीं उसे सिम्स के वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार छोटी कोनी निवासी आयन खान पिता हसन खान को दुर्घटना में घायल होने के बाद सुबह करीब 9 बजे कुछ लोग सिम्स पहुंचाया, लेकिन लेकिन इमरजेंसी वार्ड के बाहर से छोड़ अज्ञात लोग गायब हो गए। बताया जा रहा है कि इस दौरान बच्चे होश में नहीं था। ऐसे में उसे भर्ती करने को लेकर सिम्स के डाक्टर भी परेशान होते रहे, हालांकि इमरजेंसी के डाक्टरों ने उसकी हालत देखते हुए इलाज जारी रखा। इमरजेंसी में ड्यूटी दे रहे डॉ राजेन्द्र सिंह ने मेडिकल सुपरिंटेंडेट डॉ लखन सिंह को इसकी सूचना दी। बच्चे के होट फट चुके थे ऐसे में पहले होटों में टांका लगाया गया और पैर फैक्चर होने के बाद प्लास्टर बांधा गया है।

खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने ही बच्चे की खोज खबर के लिए फोटो और विडियो वायरल किया और यही फोटो परिजनों तक पहुंच सकी। शाम तक उसके परिजन सिम्स पहुंच गए थे। फिलहाल बच्चे की हालत सामान्य है, लेकिन उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।



अस्पताल में भर्ती बच्चे की जांच करते डाक्टर।

### हड़बड़ाए थे युवक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिन लोगों ने बच्चे को सिम्स पहुंचाया था, वे हड़बड़ी में थे। बच्चे को इमरजेंसी वार्ड में छोड़ भाग खड़े हुए। ऐसे में संदेह जाहिर हो रहा है। फिलहाल सिम्स प्रबंधन द्वारा बच्चे का इलाज कराया जा रहा है।

## हफ्ते भर बाद पारा पहुंचा 38.6 डिग्री



**बिलासपुर।** आसमान पूरी तरह से साफ हो चुका है, जिसके बाद सूरज की तीखी किरणें सीधे धरती तक पहुंच रही है। करीब हफ्ते भर बाद पारे में 5 डिग्री की बढ़त देखी जा रही है और सामान्य तापमान से 1 डिग्री आगे जाते हुए पारा 38.6 डिग्री दर्ज किया गया है। इस दौरान सूरज के सीधे संपर्क में आने से लोगों को सनबर्न का खतरा सताने लगा है। यही कारण है कि लोग धूप से बचने के लिए गमछे और गॉगल का प्रयोग कर रहे हैं। प्रदेश के दक्षिण इलाकों में गंगीय पश्चिम बंगाल से उड़ीसा तक फैले द्रोणिका का असर देखा जा सकता है। इस दौरान बिजली गिरने और हल्की बारिश भी हो सकती है लेकिन उत्तर इलाकों में मौसम का मिजाज सामान्य रहेगा।

## गैस सिलेंडर का विकल्प तलाशने निकल रहे शहरवासी, भविष्य की संभावित परेशानी से बचने लगा रहे जुगाड़

# दुकानों से गायब हुए इंडक्शन, सड़क पर बिकने लगे चूल्हे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की छोटी-बड़ी दुकानों से इंडक्शन चूल्हे गायब हो चुके हैं। हालत यह है कि सड़कों पर लकड़ी-कोयले से जलने वाले चूल्हे बिकने लगे हैं, जो लोगों के द्वारा हाथों-हाथ खरीदे भी जा रहे हैं। आने वाले समय में गैस सिलेंडर की संभावित परेशानी से बचने शहरवासियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

ईरान-अमेरिका और इजराइल युद्ध से उपजी गैस सिलेंडर की समस्या अब सड़कों पर नजर आने लगी है। आने वाले समय में यह परेशानी और बढ़े इससे पहले ही शहर के लोग तैयारियों में जुट चुके हैं। गैस सिलेंडर के बेहतर विकल्प के रूप में लोगों ने सबसे पहले इंडक्शन चूल्हे को रखा है, जिसे बिजली से आसानी से चलाया जा सकता है। इंडक्शन की खरीदारी न केवल घरेलू उपयोग के लिए की जा रही है, बल्कि छोटे व बड़े होटल-रेस्टोरेंट चलाने वालों ने भी इसे बेहतर विकल्प मानते हुए खरीदी कर रखी है। हालत यह है कि मार्केट में इंडक्शन की मारामारी हो चली है। शहर में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रानिक्स दोनों ही दुकानों में की जाती है। इसी तरह बर्तन दुकानदार भी इंडक्शन व इसके बर्तनों की बिक्री करते हैं। गैस चुल्हे की रिपेयरिंग करने वाली दुकानों, किचन केयर नामक दुकानों एवं शहर के बिग बाजार व मॉल में भी इसकी बिक्री की जाती है। आश्चर्यजनक बात यह है इन सभी दुकनों में इंडक्शन का स्टॉक समाप्त हो चुका है। दुकानदारों के अनुसार होटल व्यवसाइयों के द्वारा एक ही समय में कई-कई नग इंडक्शन की खरीदी की गई है, जिससे दुकानों में स्टॉक समाप्त हो चुका है। गैस सिलेंडर की सही समय पर रिफिलिंग नहीं हो पाने एवं अब इंडक्शन की भी मारामारी होने के बाद लोगों का रूझान रेडीमेड सिगड़ी व लोहे के चूल्हों की ओर भी देखा जा रहा है। शहर की सड़कों पर चार्जिंग चूल्हे बिकने लगे हैं, जिनमें लगे पंखे चार्जिंगि के बाद बारह घंटों तक काम कर सकते हैं। 24 सौ रूपए कीमती इस लोहे के चूल्हे का उपयोग लकड़ी व कोयला जलाकर किया जा सकता है। शहर की सड़कों पर बिकने वाले इन चूल्हों की जमकर खरीदी की जा रही है।



सड़क पर बेचने के लिए रखे गए आधुनिक चूल्हे।

### बुकिंग अवधि में कोई बदलाव नहीं

गैस सिलेंडर की बुकिंग की अवधि में किसी भी प्रकार के बदलाव की जानकारी नहीं है। शहरी क्षेत्रों में बुकिंग के लिए 25 दिनों का समय निर्धारित है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में उज्जवला गैस कनेक्शन की रिफिलिंग के लिए 45 दिनों का समय तय किया गया है। शासन द्वारा इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है, लोगों को इस तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक


जमीन खरीदना है

तत्काल रजिस्ट्री कराने योग्य कृषि भूमि ग्राम दर्रीघाट, लावर, किरारी, लिमतरा, खपरी में 30-40 लाख प्रति एकड़ तत्काल खरीदना है

संपर्क करें:- 7224888677

## खबर संक्षेप

### डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने सोनिया को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने सोनिया तिवारी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें छत्तीसगढ़ से इतिहास विषय के अंतर्गत वैदिक कालीन विवाह परंपराएं निरंतरता एवं प्रासंगिकता छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में अपना शोध प्रबंध पूरा किया है। उन्होंने अपना शोध कार्य सहायक प्राध्यापक डा. महेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में पूरा किया है। वे संतोष कुमार तिवारी की पत्नी हैं।



### रेलवे में क्षय रोग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** भारत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्रित उपायों के जरिए टीबी को खत्म करने के अपने लक्ष्य में लगातार तरक्की कर रहा है। प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य क्षय रोग के प्रति जागरूकता फैलाना, इसके प्रभाव को कम करना तथा इसके उन्मूलन के लिए वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासों को सुदृढ़ करना है। इसी क्रम मे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चिकित्सा विभाग द्वारा केन्द्रिय चिकित्सालय बिलासपुर, मण्डल चिकित्सालय रायपुर एवं उपमंडल चिकित्सालय, चरोदा भिलाई में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से टीबी के प्रभाव, इसके कारणों, लक्षणों उपलब्ध उपचारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि समय पर पहचान और सही उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कार्यक्रम में यह भी जोर दिया गया कि टीबी से बचाव के लिए स्वच्छता, पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, रेलवे कर्मचारियों को यह संदेश दिया गया कि शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करवाना चाहिए, ताकि रोग का समय रहते इलाज संभव हो सके। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चिकित्सा विभाग ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे टीबी के प्रति जागरूक रहें।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ ने किया 'प्याऊ घर' का शुभारंभ



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के आदेशानुसार एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेई के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के तत्वावधान में नेहरू चौक टाउन हॉल के पास, कलेक्ट्रेट के सामने 'प्याऊ घर' का शुभारंभ किया गया। यह 'प्याऊ घर' एक माह तक निरंतर सेवा कार्य के रूप में संचालित किया जाएगा, जहां राहगीरों की प्यास बुझाने ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। बढ़ती गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की गई इस जनसेवा पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को राहत प्रदान करना है। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथियों में जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, डीईओ विजय टांडे ,सहायक राज्य आयुक्त (स्काउट) विजय यादव, भूपेंद्र शर्मा, चंद्रशेखर बाजपेयी, एम.एम.बाजपेयी , मनोज राय डॉ. नवनीत कौशिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुश्री लता याद्दव, महेंद्र बाबू टंडन, डॉ. पूनम सिंह, शत्रुघन सूर्यवंशी, नवीन यादव, निखिल सिंह, शशांक विश्वकर्मा, शिव साहू, राजेंद्र कौशिक, संतोष तंबोली, सुरेश साहू, रश्मि तिवारी, अपर्णा सरखेल,पार्वती कौशिक, स्वाति हार्डीकर, डॉ. शीला शर्मा, सरला दुबे, निशा साहू, कौशल्या साहू आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति ने बताया जल दिवस का महत्व

**बिलासपुर।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा विश्व जल दिवस पर 22 मार्च को विवेकानंद उद्यान में जल संगोष्ठी 2026 का आयोजन किया गया। यह आयोजन समिति के संरक्षक डॉ विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता एवं एस एस डी बडगैया के मुख्य आतिथ्य, हेमंत कुमार गौर के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें विचार काव्य गोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना एवं जल संरक्षण पर संगीतमय नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति राम निहोरा राजपूत ने की। मुख्य अतिथि श्री बडगैया ने कहा कि जल है तो कल है। प्रकृति का मूल संचालन जल ही है। हम सभी समाजिक दायित्व का निर्वहन करें। असली जल संरक्षक वन होते हैं। वे ही जल का संचयन संवहन करते हैं। डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि जल संरक्षण आज की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि हेमंत कुमार गौर ने भी अपने विचार व्यक्त किया। यह जानकारी विवेक तिवारी ने दी।

### कैट ने 31 मार्च तक बैंक खुला रखने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**बिलासपुर।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा ने संयुक्त रूप से बताया कि 31 मार्च तक बैंक खुला रखने की मांग की है। कैट बिलासपुर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र प्रेषित कर मार्च क्लोजिंग के दौरान बैंक अवकाशों को लेकर चिंता व्यक्त की है। 31 मार्च तक (रविवार छोड़कर) सभी बैंकों को खुला रखने का आग्रह किया है। कैट के बिलासपुर के अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने बताया कि वर्तमान में 26 मार्च को बैंक अवकाश रहा, 28 एवं 29 मार्च को भी अवकाश है, वहीं 31 मार्च को महावीर जयंती एवं वर्षांत के कारण बैंक बंद रहने से व्यापारियों को सीमित समय में अपने आवश्यक वित्तीय कार्य पूर्ण करने में कठिनाई हो सकती है। मार्च माह व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जिसमें भुगतान, खातों का मिलान, समायोजन एवं कर संबंधी लेन-देन जैसे आवश्यक कार्य पूरे किए जाते हैं। लगातार बैंक अवकाशों के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ रहा है। मार्च क्लोजिंग को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च तक सभी बैंक शाखाओं को सामान्य कार्य के लिए खुला रखने सभी बैंकों को निर्देशित करने का भी आग्रह किया गया।

# फर्जी सर्टिफिकेट के सहारे नौकरी कर रहे शिक्षक की याचिका हाईकोर्ट ने रद्द की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी सर्टिफिकेट के सहारे नौकरी कर रहे एक शिक्षक की याचिका हाईकोर्ट ने रद्द कर दी। शिक्षक ने राज्य शासन के बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सेवा समाप्ति के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि इस तरह की सेवा कानून की नजर में शून्य है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि धोखाधड़ी से हासिल किए गए नौकरी कानून की नजर में अक्षम्य अपराध है, ऐसे मामलों में विभागीय जांच के बिना भी सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया जा सकता है। कोंडागांव जिले में पदस्थ एक शिक्षक ने अपनी सेवा समाप्ति के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता शिक्षक ने अपनी याचिका में कहा, बिना उचित जांच के उसे नौकरी से हटाया गया है, जो गलत है। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि यदि नियुक्ति ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुई है, तो वह प्रारंभ से ही अमान्य मानी जाएगी। पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर ने याचिकाकर्ता शिक्षक द्वारा प्रस्तुत मार्कशीट को फर्जी घोषित किया था।

याचिका की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि ऐसे मामलों में विभागीय जांच की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, जब कोई व्यक्ति फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी हासिल करता है, तो वह सेवा का हकदार नहीं होता और उसकी नियुक्ति स्वतः ही शून्य हो जाती है।



# मूक-बधिर दुष्कर्म पीड़िता के आरोपियों की सजा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मूक-बधिर दुष्कर्म पीड़िता ने अपने साथ घटी घटना के लिए ट्रायल कोर्ट में प्लास्टिक की गुड़िया के सहारे घटना की जानकारी दी । सुनवाई के दौरान दुभाषिए की भी सेवा ली गई। पीड़िता की गवाही के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। डिवीजन बेंच ने यह अपील खारिज कर आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। दुष्कर्म पीड़िता युवती जो जन्म से ही मूक-बधिर है, जब वह घर में अकेली थी, तब सुनेपन का फायदा उठाते हुए उसके ही एक रिश्तेदार ने उसके साथ अनाचार किया। घटना के बाद जब पीड़िता के माता-पिता घर लौटे तो उसने इशारों ही इशारों में घटना के बारे में बताया और आरोपी की तरफ इशारा करते हुए दुष्कर्म करने की बात कही। मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता की गवाही और दुभाषिए की पुष्टि के साथ ही मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अपील की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, कोई गवाह, जो बोल और सुन नहीं सकता, वह कोर्ट में इशारों या प्रदर्शन के तरीकों से गवाही दे सकता है। ऐसी गवाही को ठोस मौखिक सबूत माना जाएगा। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

### एनटीपीसी के सीएसआर मद से मिल रही है लैब

# सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में जल्द होगा ब्लड बैंक सेंटर, लाइसेंस के लिए टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ ब्लड बैंक से सर्जरी में मिलेगी मदद

कोनी स्थित कुमार साहब स्व श्री दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में जल्द ही ब्लड बैंक की सुविधा मिल सकेगी। बैंक के लाइसेंस के लिए गुरूवार को दो सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ बीपी सिंह ने टीम को हास्पिटल का मुहाया कराया और दस्तावेज उपलब्ध कराई।

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में जल्द ही ब्लड बैंक सेन्टर शुरू होगा। एनटीपीसी के सीएसआर मद से बनाई जा रही इस सेंटर में अत्याधुनिक मशीनें और अनालीज़र्स के साथ ब्लड बैंक बनाया जा रहा है। जिससे हार्ट और किडनी की गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद मिलेगी, सर्जरी के दौरान ब्लड की उपलब्धता रहेगी। ब्लड बैंक ऐसी यूनिट लगाई जा रही है, जिसमें अफ़ेरेसिस यूनिट यानी एक ही व्यक्ति से 3-4 बैग के बराबर प्लेटलेट एकत्रित की जा सकेगी। जिससे एसडीपी याने सिंहल डोनर प्लेटलेट बनाया जा सकेगा। वर्तमान में प्रदेश में महज एम्स रायपुर, सेक्टर 9 हॉस्पिटल भिलाई, रायपुर के चुनिंदे बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों में ही उपलब्ध है लेकिन अब बिलासपुर के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में मौजूद होगा। डॉ सिंह ने बताया कि पूरे कॉम्पोनेन्ट सिस्टम में कॉन्टेक्टवलेस कार्य किया जाएगा। एक यूनिट को तीन यूनिट में बांटने के लिए ऑटोमेटिक मशीन लगाई जा रही है। समय आने पर स्टेम सेल, प्लाज्मा फेरसिस भी निकाला जाएगा। इसके लिए डाक्टर और स्टाफ को ट्रेनिंग देकर ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे कैंसर, सिकल सेल व थैलेसेमिया के मरीजों के लिए बोन मेरो ट्रांसप्लांट तथा स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सुविधा दी जा सकेगी। पिछले एक साल में सुपरस्पेसिलिटी में ओपीडी सुविधा, आईपीडी सुविधाएं बढ़ी है। ब्लड बैंक सेन्टर की स्थापना से गंभीर रोगों की सर्जरी में तेजी आएगी। गुरूवार को केन्द्रीय टीम से एआर काले और कामेश्वरी पटेल निरीक्षक के तौर पर हास्पिटल का निरीक्षण किया।

इस दौरान डॉ सिंह ने निरीक्षक एआर काले जी को ब्लड बैंक पर लिखी पुस्तक भेंट दी। डॉ सिंह ने इस अवसर पर बताया कि विगत 3 महीनों में लगभग 78 मरीजों के किडनी और ब्रेन के सफल ऑपरेशन किए गए है। जिनमें 42 मरीज किडनी स्टोन से पीड़ति रहे है।रोजाना 100-120 किडनी, ब्रेन, हार्ट के मरीज हास्पिटल में पहुंचते हैं और उपचार प्राप्त कर रहे हैं।



टीम के सदस्यों को जानकारी देते अधीक्षक डा. बीपी सिंह।

#### आज होगी निशुल्क जांच

शासकीय सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में 3 दिवसीय मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर 27 से लेकर 29 मार्च तक चलाई जाएगी। जिसमें मरीजों के लिए निशुल्क शुगर जांच कराई जाएगी। शिविर में डायबिटीज मरीजों के लीवर स्वास्थ्य का आकलन करने हेतु सोनोग्राफी यानी फैटी लिवर जांच एवं लिवर स्टिफनेस जांच हेतु फाइब्रोस्केन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ-साथ शारीरिक परीक्षण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लीवर फंक्शन टेस्ट व किडनी फंक्शन टेस्ट भी किए जाएंगे। 3 दिवसीय शिविर में 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे मरीजों को सुविधा मिलेगी। एक दिन में लगभग 75 मरीजों की जांच की जाएगी, अतः मरीजों को पूर्व पंजीयन अनिवार्य किया गया है। जांच उपरांत मरीजों की रिपोर्ट 1 अप्रैल 2026 के बाद पंजीकृत व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित की जाएगी। वहीं आगामी 2से 4 अप्रैल को स्पाइन सर्जरी कैम्प किया जाएगा, जिसमें देश के जाने माने स्पाइन सर्जन डॉ शेखर भोजराज और उनकी टीम स्पाइन से पीड़ित मरीजों की सर्जरी करेंगे।



### सिम्स के डाक्टरों ने क्षतिग्रस्त चेहरे को सर्जरी कर विकृत होने से बचाया

**बिलासपुर।** सिम्स के डाक्टरों ने घरेलू हिंसा में क्षतिग्रस्त चेहरे को सर्जरी करके विकृत होने से बचा कर मरीज को नया जीवन दिया है।

सिम्स के दन्त रोग विभाग द्वारा मरीज का बदला हुआ नाम लेखन बाई 26 वर्ष निवासी अनुपपुर (म.प्र.) का घरेलू हिंसा से पति द्वारा मारपीट से महिला की चेहरे की हड्डियां चूर चूर हो गई थीं। जिसमें मरीज के माथे की हड्डी, नाक की हड्डी ऊपरी जबड़े की हड्डी, निचले जबड़े की हड्डी, लेफ्ट आंखों के चारों ओर की हड्डी 15–20 टुकड़ों में चुरा चुर हो गया था। चेहरा बुरी तरह से विकृत हो गया था। ऐसे मेंउसकी जान को बचा पाना बहुत कठिन लग रहा था। दन्त रोग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप प्रकाश द्वारा परीक्षण उपरांत ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। जिसकी 19 मार्च को 6–7 घंटे तक ऑपरेशन कर विक्षत चेहरे को पुनः जोड़ा गया। इस दौरान महिला का चेहरा बचाने के लिए टूटी हड्डियों को सुव्यवस्थित करके प्लेटिंग किया गया। फिर मुंह के अंदर से एवं सिर के ऊपर एक कान से दूसरे कान तक चीरा और टांका लगाया गया। इस सर्जरी की खास बात यह है कि चेहरे पर एक भी चीरा और टांका नहीं लगाया गया है। इससे महिला का चेहरा खराब नहीं हुआ है महिला की जान सिम्स के डॉक्टरों के द्वारा बचा लिया गया। इस उपलब्धि का डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन में सर्जन डॉ. संदीप प्रकाश एवं उनके टीम में शामिल डॉ. जंडेल सिंह ठाकुर, डॉ. केतकी किनीकर, डॉ. हेमलता राजमणी, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल, वार्ड–ब्वाय ओंकारनाथ यादव, लैब अटेंडेंट उमेश साहू के साथ डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. मधुमिता मूर्ति तथा नर्सिंग स्टाफ को जाता है। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति एवं संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के दिशा–निर्देश एव डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन ईलाज किया गया।

### छात्रसंघ चुनाव व शिक्षा के मुद्दों को लेकर एनएसयूआई करेगा आंदोलन

■ एनएसयूआई 4 अप्रैल को डीईओ कार्यालय व 6 अप्रैल को यूनिवर्सिटी का करेगी घेराव

**बिलासपुर।** एनएसयूआई द्वारा कालेजों में छात्रसंघ चुनाव एवं स्कूली शिक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में एनएसयूआई द्वारा 4 अप्रैल को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय एवं 6 अप्रैल को सभी यूनिवर्सिटी का घेराव किया जाएगा।

एनएसयूआई प्रदेश संगठन द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों की गुरुवार को प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता दौरान जानकारी देते हुए एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव की तत्काल बहाली, बारहवीं बोर्ड पेपर लीक, शिक्षा विभाग की मनमानी और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन जैसे मुद्दों को लेकर एनएसयूआई आंदोलन करने जा रही है। क्योंकि छात्रों की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अंतिम छात्रसंघ चुनाव वर्ष 2016 में हुआ था और उसके बाद से पिछले 8-10 वर्षों से छात्रसंघ चुनाव पूरी तरह बंद है। चुनाव प्रक्रिया को धीरे-धीरे बंद कर दिया गया और मनोनयन प्रणाली लागू करके छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए। उनका कहना है कि छात्रसंघ चुनाव से कालेज एवं विश्वविद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है। यह छात्रों की समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का माध्यम बनता है। शिक्षा के मंदिरों में भ्रष्टाचार और छात्रों की वर्तमान ज्वलंत समस्याएं वर्तमान में छात्र और अभिभावक अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिन्हें उठाने के लिए कोई मंच नहीं बचा है। इसी तरह निजी स्कूलों, संस्थानों की मनमानी से आज प्रदेश में शिक्षा का बाजारीकरण हो चुका है।

डीईओ एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की खुल सांठगांठ से निजी स्कूल और कोचिंग इंस्टीटयूट अपनी मनमानी कर रहे हैं। 12 वीं बोर्ड का हिन्दी पेपर लीक प्रशासन की विफलता है।

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में दर्पण' ई-पत्रिका के 13 वें अंक का विमोचन




**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक 25 मार्च को आयोजित की गई।

बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) के श्रीनिवास, अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) जमना शंकर मीना एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे । बैठक में प्रभारी राजभाषा अधिकारी ने रेलवे बोर्ड की मानक कार्यसूची के अनुसार अक्टूबर- दिसम्बर' में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया । बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक के करकमलों से बिलासपुर मंडल दर्पण' ई-पत्रिका के 13 वें अंक का विमोचन किया गया ।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन ) ने महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में दिये गए निदेशों से सभी को अवगत कराया। समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि मंडल में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति संतोषजनक है । बैठक का संचालन रंजन कुमार रुखैयार ने किया ।

### रेल पटरी पार करते समय दुर्घटना को रोकेगी पुलिया

**बिलासपुर।** रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक पुलियाएं बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत पटरी के आरपार सुगम पुलियाओं का निर्माण कार्य केवल 12 घंटे में होगा, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

रेल अफसरों के अनुसार रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी ओर खेत, विद्यालय शमशान व अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान हैं। ऐसे स्थानों पर रेल पुलियाएं बनाए जाएंगे। बोर्ड से आदेश दिया गया है कि ऐसे रेल पुलिया बनाए जाएंगे जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे। इन रेल पुलियाओं को बनाते समय ध्यान रखा जाएगा कि एक आदमी सायकल, मोटर सायकल और कामकाज से जुड़े अन्य चीजों को अपने साथ ले जा सके। इससे पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगा। पूरे रेलवे की इस समस्या से आगामी 5-6 वर्षो में निजात दिलाने कहा गया है। यह पुलियाएं इस प्रकार से बनाई जाएगी ताकि पटरियों के आर पार इनका निर्माण केवल 12 घंटे में हो सके। डिजाइन इस तरह की होगी, ताकि लोगों को इसका उपयोग करने में कोई हिचक न हो और पुलिया में जल भराव की स्थिति न हो सके।

# सेक्टर, बूथ कमेटी के गठन को लेकर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर शहर ब्लाक प्रभारियों की नियुक्ति उपरांत आज कांग्रेस भवन में बैठक ली।

जिला अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने ब्लाक के प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं को हर वार्ड में बैठक लेकर वार्ड और बूथ कमेटी के गठन की जिम्मेदारी दी है। बूथ कमेटी के माध्यम से कांग्रेस अपने हर बूथ को मजबूत करना चाहती है, संगठन सृजन के माध्यम से पार्टी जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर / वार्ड, बूथ और बीएलए लेवल तक संगठन का पुनर्गठन कर रही है। जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक सभी वार्ड और बूथ कमेटी का गठन किया जाना है। वार्ड-बूथ अध्यक्ष और कमिटी गठन में देश और पार्टी के प्रति समर्पित विचार धारा होना, पार्टी की गतिविधियों में नियमित रूप से भागीदारी, वार्ड और बूथ में अच्छी पकड़ होना जैसे महतपूर्ण मापदंड रहेंगे। बैठक में विजय केसरवानी, विजय पांडे, रामशरण यादव, शेख नज्जरूद्दीन, राकेश शर्मा, पंकज सिंह, स्वप्निल शुक्ला, समीर अहमद, शिबली मिराज, अखिलेश गुप्ता, संतोष गर्ग, तजम्मुल हक, हितेश देवांगन, सकेश मिश्रा, सीमा घृतेष, रामा बघेल, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, गौरव ऐरी, सुबोध केसरी, विनय वैद्य, राहुल ठाकुर, अयूब खान, राजा व्यास, राजेश शुक्ला, अब्दुल खान, शंकर कश्यप, हिमांशु कश्यप, अहमद खान, परदेसी राज, शारदा नागरकर, सुरेंद्र तिवारी, मो आजम, लक्की मिश्रा, विकास ठाकुर, राजीव रतन सिंह, शैलेश मिश्रा, दिनेश सूर्यवंशी, बालचंद्र साहू, देवेंद्र मिश्रा, मनोज सिंह,चितरंजन सिंह, बबलू मगर , दीपक कौशिक, अन्नपूर्णा ध्रुव, सैय्यद इमरान, शकुंतला साहू, हैरी डेनियल, सुरेश मानिकपुरी, सानरीन भाई, चंदन सिंह, रतीश श्रीवास्तव, मो रिजवी, रूपेश अवस्थी, विनोद मिश्रा, आशीष यादव, पिपलवा, निखिल शर्मा, आदेश यादव, सुजल द्विवेदी, सार्थक मिश्रा, फरहान खान, उमर अहमद, प्रज्ञांशु नायक आदि उपस्थित रहे।



### मार्क हॉस्पिटल में ब्रेन व स्पाइन रोगों का आधुनिक और समग्र उपचार शुरू

हेल्थ प्लस

■ न्यूरोसर्जन डॉ. नरेश कृष्णानी एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. नीलम साहू पुरी की विशेषज्ञ सेवाएं अब बिलासपुर में उपलब्ध

**बिलासपुर।** मार्क हॉस्पिटल में अब न्यूरोलॉजी एवं न्यूरो सर्जरी की उन्नत एवं समग्र सेवाएं उपलब्ध हैं। अनुभवी न्यूरोसर्जन डॉ. नरेश कृष्णानी एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. नीलम साहू पुरी के नेतृत्व में मरीजों को ब्रेन एवं स्पाइन से संबंधित जटिल बीमारियों का उच्च स्तरीय इलाज प्रदान किया जा रहा है।

अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हैमरेज के साथ-साथ लकवा (पैरालिसिस), मिर्गी (एपिलेप्सी), ब्रेन स्ट्रोक, स्लिप डिस्क, साइटिका, गर्दन एवं कमर दर्द जैसी विभिन्न न्यूरोलॉजिकल एवं स्पाइन समस्याओं का आधुनिक तकनीकों से सफल उपचार किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना या अन्य कारणों से होने वाले हेड इंजरी (सिर की चोट) एवं स्पाइन ट्रॉमा के मामलों में डॉ. कृष्णानी के नेतृत्व में न्यूरो सर्जरी टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी सर्जिकल उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं डॉ. नीलम साहू पुरी द्वारा न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का सटीक निदान एवं चिकित्सा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा रहा है। मार्क हॉस्पिटल में इमरजेंसी सेवाएं, अत्याधुनिक आईसीयू , सीटी स्कैन, पैथोलॉजी एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर जीवन रक्षक उपचार प्रदान किया जा सके।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार उनका उद्देश्य बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बड़े शहरों जैसी उन्नत न्यूरो चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें दूर जाने की आवश्यकता न पड़े और समय पर बेहतर इलाज मिल सके।

## खबर संक्षेप

### नवोदय के लिए चयनित होने पर 5 बच्चों का सम्मान



**मल्हार।** संकुल केंद्र बुढ़ीखार के अंतर्गत सेंटपाल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल बकरकूदा के बरखा गंधर्व, प्रिंशिका भार्गव, पूर्वी घृतलहरे, रुद्र कैवर्त, पुष्कर कश्यप का नवोदय में चयन होने से पूरा संकुल गौरवान्वित है। यह पहली बार हुआ है, जब एक ही संस्था से पांच बच्चों का चयन नवोदय के लिए हुआ है। छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह आयोजन के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार के संकुल प्राचार्य काशीराम रजक ने कहा कि, यहां के शिक्षक कम वेतन के बावजूद भी अपनी गुणवत्ता को दिखाने में सफल हुए हैं। इससे शासकीय शालाओं के शिक्षकों, प्रधान पाठकों को भी प्रेरणा लेकर के काम करना चाहिए, क्योंकि हमारी स्थिति आर्थिक रूप से इनसे ज्यादा मजबूत है। संचालक दिलीप भार्गव एवं प्राचार्य राम गुलाब राय ने बताया कि, अब तक इस संस्था से 70 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। संकुल प्राचार्य काशीराम रजक ने चयनित विद्यार्थियों को पांच-पांच सौ रुपए नकद एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया। बूढ़ीखार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक बीरबल प्रसाद थवाईत ने भी बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### निपनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बिलासपुर के छात्रों की ओर से 25 मार्च से 31 मार्च तक ग्राम निपनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू, निपनिया सरपंच राजकुमार कोसले, गांव के किसान, छात्र-छात्राएं तथा महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू ने छात्रों को सामाजिक सेवा, स्वच्छता और ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सरपंच ने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए गांव के विकास में सहयोग की अपेक्षा जताई। यह शिविर विभिन्न जनजागरूकता एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से गांव में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेगा।

### अग्रसेन कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की। बैठक की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए पूरे वर्ष की उपलब्धियों एवं चुनौतियों से समिति को अवगत कराया तथा भविष्य की कार्य योजना प्रस्तुत की। अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि, समिति महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। महाविद्यालय के विकास हेतु किसी भी चीज की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस बैठक में समिति के सदस्य बलदेव अग्रवाल, मनोज माधवानी, नंदिनी क्षत्रिय, दुर्गेश कौशिक, दुर्गेश श्रीवास, मनोज यादव, धनंजय सन्नाड्य और महाविद्यालय समिति के संयोजक संजय अग्रवाल, सदस्य डॉ एमआर आगर, डॉ पीएल पटेल, डॉ अतुल गिरि, अजय कुम्भज, शत्रुहन राजपूत की उपस्थिति रही। अंत में जनभागीदारी समिति के संयोजक प्रो एसके अग्रवाल ने सभी सदस्यों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसी प्रकार की सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा जताई।

### कलेक्टर से मिला चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ



**लोरमी।** छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने कर्मचारी समस्या निराकरण करने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने बताया कि, ज्ञापन में लोरमी में कर्मचारी भवन हेतु भूमि प्रदाय करने, कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड 3 में पदोन्नति करने, आदिवासी विकास विभाग के कर्मचारियों के लंबित वेतनमान पर लगी रोक हटाने एवं कर्मचारी समस्या निराकरण करने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने आदि मांगों शामिल हैं। कलेक्टर ने मांगों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक क्रियान्वयन हेतु लिखा और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। परामर्शदात्री बैठक की मांग पर कहा कि, अप्रैल के तीसरे सप्ताह में बैठक आयोजित की जाएगा। इसके बाद संघ प्रतिनिधि मंडल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मुंगेली से मुलाकात कर विभन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।

## मंदिरों में दिन भर चला हवन-पूजन व चढ़ोतरी का सिलसिला

# अष्टमी तिथि पर भक्तों ने किए विशेष अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक भीड़ लगी रही। मंदिरों में दिन भर हवन-पूजन व चढ़ोतरी का सिलसिला चलता रहा। नवरात्रि की अष्टमी तिथि के अवसर पर सुबह से दिन भर देवी मंदिरो में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

नगर के मध्य में स्थापित महामाया मंदिर, पंडरिया रोड में शक्तिमाई, खर्रीपारा में काली मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दाउपारा में महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर मल्हापारा सहित अनेक मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। अष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों नें विविध अनुष्ठान संपन्न हुए। महिलाएं श्रृंगार की सामग्री एवं अठवाई चढ़ाने के लिए सुबह 5 बजे से ही मंदिर पहुंच गईं। सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में सुबह से लेकर रात्रि तक पूजा-अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। इस दौरान दूर-दराज से माता के दर्शन करने आए भक्तों ने पूजा अर्चना की। माता को फूल, मालाएं, श्रीफल और माता की श्रृंगार सामग्री चुनरी आदि अर्पित किए गए। वातावरण में भक्ति का माहौल बना हुआ है। इसके अलावा कई मंदिरों में भोग भंडारा भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में हवन में मुख्य यजमान के रूप में महामाया मंदिर के पुजारी जोगी परिवार ने हवन संपन्न कराया। हवन के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



मंदिर में हवन करते श्रद्धालुजन।

### दुर्गा मंदिर हथनीकला में महाष्टमी हवन व कन्या भोज



**धरमपुरा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनीकला में महाष्टमी हवन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। यहां नवरात्र के दोनों पर्व में भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए जाते हैं। इस पर्व में घी के 158 और तेल के 1 हजार 17 मिलाकर कुल 1 हजार 175 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हैं। मंदिर परिसर को बहुत ही मनोहारी ढंग से सुसज्जित किया गया है। महाष्टमी के दिन मां के दर्शन के लिए सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर विकास समिति के सभी सदस्यों के साथ ही पूरे ग्रामवासी मां के सेवा में लगे हुए हैं।

### मंदिरों सहित घरों में हुई कन्याओं की पूजा



**मुंगेली।** नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर मंदिरों सहित घर-घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा-अर्चना की जाती रही। कन्याओं को श्रृंगार समाग्री भेंट की गई। क्षेत्र में नवरात्रि पर्व को लेकर भक्ति-भाव का माहौल बना हुआ है। अष्टमी तिथि में नगर के देवी मंदिर महामाया मंदिर सोनारपारा, पंडरिया रोड स्थित शक्ति माई मंदिर, महामाया मंदिर दाउपारा, जय मां दुर्गे मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, हथनीकला स्थित दुर्गा मंदिर, सेतगंगा स्थित सर्वेश्वरी मंदिर में सुबह से ही भक्तजनों की भीड़ लगी रही। अष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में हवन-पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया।

# देवी मंदिरों में हवन और कन्या पूजन



**तखतपुर।** अष्टमी पर नगर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में हवन और कन्या पूजन किया गया। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अष्टमी को नगर के महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता सुबह से लगा रहा, और दिनभर लोग मां के दरबार में मत्था टेकते रहे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से अष्टमी के अवसर पर हवन किया गया और कन्या पूजन कर उन्हें भेंट दी गई। इस दौरान देवी मां को आठवाही का भोग लगाया गया तथा विशेष श्रृंगार भी किया गया। इसके साथ ही चंडी मंदिर व अन्य जगहों पर भी हवन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, सचिव यतेन्द्र दुबे, आचार्य पंडित दिलहरण दुबे, मुख्य अजमान अनुपमा अभिषेक नगर पालिका अध्यक्ष पूजा रविंद्र कौर मक्कड़, आत्मजीत मक्कड, टेकचंद कारड़ा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष वंदना सिंह, टेकचन्द कारड़ा, राजू ठाकुर, परमेश्वर सिंह, सूरज ठाकुर, अभय मिश्रा,कुंज राम यादव, मुन्ना श्रीवास, रवि मानिकपुरी, अमित मंदानी, वासु तोलानी, तिलक ताम्रकार, दुर्गा यादव, रमेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कौवाताल में राम नाम की गूंज, भक्ति में डूबे लोग



**सीपत।** ग्राम कौवाताल के महावीर चौक में 19 मार्च से शुरू हुआ अखंड नवधा रामायण पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति की अलख जगा रहा है। आयोजन समिति ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली मानस मंडलियों को श्रीफल, प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह स्वरूप कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे कलाकारों का उत्साह और बढ़ रहा है। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम के सरपंच बसंत साहू की विशेष भूमिका देखने को मिल रही है। 29 मार्च को हवन, सहस्त्रधारा एवं कन्याभोज के साथ इस नवधा रामायण का विधिवत समापन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आचार्य बरेली वाले पंडित सियाशरण मिश्रा के सान्निध्य में कथा का प्रवाह जारी है। आयोजन को सफल बनाने में सरपंच बसंत साहू के साथ आयोजन समिति के अध्यक्ष रामनाथ कैवर्त, उपाध्यक्ष दिलीप कैवर्त, कोषाध्यक्ष सौखीलाल साहू, सचिव राजकुमार कैवर्त सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान है।

### चंडीदाई नरगोड़ा में हवन व कन्या भोज आज



**सीपत।** जय चंडीदाई नरगोड़ा में रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को मंदिर समिति के द्वारा हवन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य पुजारी के रूप में जयकिशन मिश्रा, मुख्य यजमान सुरेंद्र सरिता भोंसले व पंडा भोलाराम मगर हैं। आयोजन को सफल बनाने में कमल राव, प्रभाकर राव, मधु केवट, समिति के अध्यक्ष विजय भोंसले, उपाध्यक्ष रामगोपाल उपाध्याय, टीआर मगर, त्रिलोकीनाथ उपाध्याय, गजेंद्र राव भोंसले, भागीरथी टेंगवर, दानकर गिरी गोस्वामी, नरेंद्र गिरी गोस्वामी, अभिषेक भोंसले, तारन गिरी, घासीराम कैवर्त, ननकी साहू, रिक्की भोंसले, हरीश शर्मा, शुभम श्रीवास, अभय उपाध्याय सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान है।

## निकली मां काली की सवारी दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**तखतपुर।** नवरात्रि पर्व के सप्तमी के दिन मां काली की सवारी नगर में भ्रमण किया। इस दौरान मां काली की सवारी ने एक हाथ में तलवार एवं एक हाथ में खप्पर लेकर नगर के सभी देवी मंदिरों का दर्शन किया, जिसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं मार्ग पर देर रात तक इंतजार करते रहे। नवरात्रि पर्व पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है, आसपास के सभी देवी मंदिरो में मां की महिमा का गुणगान किया जा रहे है। इसी क्रम में मां काली की सवारी यात्रा बुधवार को निकाली गई। यह याजत्रा लगभग 11 बजे से शुरू होती, है जो देर रात लगभग 1 बजे तक चलती है। इस सवारी के सामने कोई आता है, तो मां क्रोधित हो कर हाथ में रखी तलवार से वार कर देती हैं, जिसके चलते लोग श्रद्धालु सड़क के दोनों किनारों पर खड़े हो कर मां काली का दर्शन करते हैं। सवारी नगर के मंदिरों में पहुंचती है, तब मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना करते हैं।



### मातृशक्ति ने किया श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**जरहागांव।** भारत भूमि महिला स्वसहायता समूह एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम तेलियापुरान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से अनेक श्रोता शामिल होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। कथावाचक सत्यव्रत तिवारी भक्ति से ओतप्रोत ऐसे दृश्यों का जीवंत वर्णन कर रहे हैं, जिसे सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। आयोजन के मुख्य यजमान लता देवी अश्वनी साहू की उपस्थित में कथावाचक श्री तिवारी ने राजा हरिश्चंद्र के दृष्टांत का वर्णन किया।

## आज भी आस्था के साथ निभाई जा रही सदियों पुरानी परंपरा

**मल्हार।** नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर की अधिष्ठात्री समलाई दाई एवं नगर देव ठाकुर-ठकुराइन की पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण 'अठवाही रोठ' चढ़ाने की परंपरा है, जो सदियों से चली आ रही है। इसके साथ ही नींबू की प्रतीकात्मक बलि भी दी जाएगी, जिसे स्थानीय लोग गहरी आस्था और विश्वास के साथ निभाते हैं। यह परंपरा मल्हार नगर की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है।

यह धार्मिक अनुष्ठान पंडित स्व खुलूराम तिवारी के निवास स्थान पर संपन्न होगा। वर्तमान में इस स्थान की देखरेख एवं पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी पंडित गणेश के कंधों पर रही है, जो वर्षों से इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। मल्हार नगर में यह मान्यता रही है कि, जब भी किसी प्रकार की महामारी, प्राकृतिक आपदा या अन्य संकट उत्पन्न होता था, तब समलाई दाई एवं नगर देवता को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा की जाती थी। पूर्व में इस अवसर पर बकरे की बलि देने की परंपरा भी प्रचलित थी। हालांकि समय के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव आया और वर्ष 1992 में पंडित कमलाकांत तिवारी ने इस प्रथा में महत्वपूर्ण सुधार करते हुए पशु बलि को समाप्त कराया। इसके स्थान पर नींबू की प्रतीकात्मक बलि देने की शुरुआत की गई, जो आज भी श्रद्धा और परंपरा के साथ निभाई जा रही है। तिवारी परिवार का निवास स्थान मल्हार नगर में धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।



■ रामनवमी पर विशेष अनुष्ठान, बड़ी संख्या में श्रद्धालु होंगे शामिल

## भगवान श्रीराम का प्राकट्य उत्सव, भक्तों में उत्साह



**मुंगेली।** भगवान श्री रामचंद्र जी का प्रागट्य उत्सव रामनवमी का महापर्व हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। सुबह से श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ होगा। प्रभु श्रीरामचंद्र जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति भावना के साथ शुक्रवार 27 मार्च को मनाया जाएगा। महास्नान, अभिषेक कर वैदिक मंत्रेच्चार के बीच सुबह 11 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा। इसके तत्पश्चात नवीन वस्त्रों से भगवान श्रीराम का मनमोहक आकर्षक श्रृंगार कर 12 बजे महाआरती की जाएगी एवं शंख, गाजे-बाजे एवं झालर घंटी किया जाएगा। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें राम दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। रात्रि में सुंदरकांड का पाठ होगा। श्री रामचंद्र भगवान के जन्म उत्सव और महाआरती को लेकर पूरे मंदिर परिसर में जोरदार सजावट की गई है। भगवान को मौसमी फलों के भोग के साथ पंचामृत और पंजरी का विशेष प्रसाद सभी श्रद्धालुओं को वितरण किया जाएगा।

## देवी भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन



**मल्हार।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित देवी भागवत के छठवें दिन व्यास आचार्य पंडित नरेश पांडेय ने मां भगवती उपासना विधि का वर्णन किया। आचार्य ने देवी भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि, सर्वोच्च शक्ति माता भगवती के विभिन्न रूपों, उनकी महिमा, और ब्रह्मांड की उत्पत्ति में उनकी भूमिका की कथा है। यह शक्तिवाद का प्रमुख ग्रंथ है, जिसमें देवी द्वारा राक्षसों के संहार, भक्तों की रक्षा और दुर्गा सप्तशती का सार वर्णित है। और इसमें देवी को निर्गुण निराकार और सगुण साकार दोनों रूपों में ब्रह्मांड का मूल कारण बताया गया है, जो त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी ऊपर हैं। कथा का सार यह है कि इसमें महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के रूप में देवी के प्रकटीकरण और महिषासुर, शुंभ-निशुंभ जैसे राक्षसों के वध की कथाएं प्रमुख हैं। इस महापुराण में माता देवी और पर्वतराज हिमालय के बीच संवाद और राजा जनमेजय को व्यास जी द्वारा सुनाई गई ज्ञानवर्धक कथाएं शामिल हैं, जो नवरात्रि और देवी पूजा के समय विशेष रूप से पढ़ा जाता है, जो जीवन में ज्ञान, धन और सुख प्रदान करता है।

## गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित नौ दिवसीय यज्ञ का समापन

**पेंड्रा।** पेंड्रा स्थित गायत्री शक्तिपीठ अखिल विश्व गायत्री परिवार में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नौदिवसीय सामूहिक यज्ञ सप्तमी को संपन्न हुआ। सनातन धर्म के हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि, गायत्री मंत्र-जप के माध्यम से व्यक्ति को आध्यात्मिक रूप से नया जीवन मिलता है, वहीं यज्ञ से उसका पोषण और संरक्षण होता है। गायत्री को भारतीय संस्कृति और धर्म की आधारशिला बताते हुए कहा गया कि, वर्तमान समय में विश्व का मानव समाज आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहा है, ऐसे में गायत्री मंत्र समाज को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि, गायत्री साधना से मनुष्य में विवेकशीलता और विचारशीलता का विकास होता है। इस यज्ञ आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जलान उपस्थित रहे। इसके अलावा अधियार सिंह मेश्राम, कल्पना गुप्ता, गोमती वैश्य, सीमा गुप्ता, आशी वैश्य, ओम गुप्ता, युग कबीर विश्वकर्मा, यीशु द्विवेदी, रिचा वैश्य, वीणा वैश्य, पीहू मानिकपुरी, प्रीति वैश्य, पंछी मानिकपुरी तथा प्रभा वैश्य सहित अनेक श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। राकेश जालान ने कहा कि, नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व ही नहीं, बल्कि यह आत्मशुद्धि, संयम और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का भी महत्वपूर्ण समय है।






## खबर संक्षेप

### महेंद्र को मिली पीएचडी की उपाधि



सकरी। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा ने महेंद्र कुमार दुबे को इतिहास विषय में उनके शोध ग्रंथ 'शैव परम्पराएं: निरंतरता, प्रासंगिकता एवं चुनौतियां बिलासपुर संभाग के विशेष संदर्भ में' पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ अंजू तिवारी, सहप्राध्यापक इतिहास के कुशल मार्गदर्शन में निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया। महेंद्र कुमार दुबे वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमुंडी में व्याख्याता सामाजिक विज्ञान, कला संकाय के रूप में कार्यरत हैं। वे ग्राम हांफा निवासी जुगल किशोर दुबे, सेवानिवृत्त लेखाधिकारी कृषि विभाग के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

### विश्व क्षय दिवस पर 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत

सीपत। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान' के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम की शुरुआत पूरे प्रदेश के साथ बिलासपुर जिले में भी उत्साहपूर्वक की गई। जिला मुख्यालय स्थित मंथन सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की सभापति अरुणा सूर्या, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ गायत्री बांधी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को सम्मानित किया गया। कौवातल पंचायत के सरपंच बसंत साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्ड एवं सिल्वर दोनों मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं बरेली पंचायत के सरपंच खिलावन सिंह राजपूत को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि, टीबी मुक्त अभियान जनभागीदारी का श्रेष्ठ उदाहरण है। पंचायत स्तर पर जागरूकता और निरंतर प्रयासों से ही हम टीबी मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

## निधन

### चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी



बिलासपुर। ग्राम पंचायत हथनेवरा निवासी चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी का 62 वर्ष की आयु में 26 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च को नोनदरहा रामपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अशोक पुरी के पिता व संतोष पुरी, राजेंद्र पुरी, कृष्णा गोस्वामी के बड़े भाई थे।

### दिनेश कुमार बंसल



बिलासपुर। हरि किशन कालोनी निवासी दिनेश कुमार बंसल का 26 मार्च को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 27 मार्च को दोपहर 12 बजे उनके निवास से मधुबन मुक्तिधाम जाएगी। वे हेमंत बंसल, किशन बंसल के पिता थे।

### विजय दिघ्रस्कर



बिलासपुर। सरकंडा बंगाली पारा निवासी विजय दिघ्रस्कर का 25 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे विशाखा गोखले, मेघा कुलकर्णी और वर्षा चोपड़े के पिता थे।

### दिनेश चंद्र उपाध्याय



बिलासपुर। राजकिशोर नगर निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय का 25 मार्च को निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रवीण उपाध्याय के पिता थे।

## महुआ बीनने के दौरान हादसे का शिकार हुए ग्रामीण

# भालू के हमले में दो घायल, 1 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम भारतपुर के वन क्षेत्र में महुआ बिनने गए दो ग्रामीणों पर भालुओं ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। वन विभाग ने ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च को ग्राम चेचानडीह निवासी गेन्दराम 56 वर्ष पिता मोतीराम गोड एवं बिसाहु 45 वर्ष पिता किसनु यादव महुआ बिनने सुबह लगभग 7 बजे जंगल की ओर 556 आरएफ भारतपुर गए थे। इसी दौरान एक जंगली भालू पीछे से हमला कर दोनों को घायल कर दिया। किसी तरह दोनों ने भालू से पीछा छुड़ाया और भागकर अपनी जान बचाई।

वनपरिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होते ही वनकर्मियों ने घायलों को 50 बिस्तर लोरमी हास्पिटल में इलाज हेतु भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर रूप से घायल गेंदराम को मुंगेली के निजी अस्पताल रेफर किया गया। गौरतलब है कि, जंगलों में इन दिनों महुआ बहुताय मात्रा में गिर रहे हैं, जिनको



खाने के लिए जंगली भालू एवं जंगली जीव आस-पास डेरा जमाए रहते हैं। छुपे होने के कारण इंसानों को जानवरों की भनक नहीं लगती और लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। इस समय जंगलों में जाना इंसानों के लिए खतरे से खाली नहीं है।

### सहायदा राशि दी गई

पीड़ित को आवश्यक सहायता राशि प्रदान कर घायल का इलाज स्टाफ की उपस्थिति में कराया जा रहा है।

**- क्रिस्टोफर कुजूर,** वनपरिक्षेत्र अधिकारी

### बर्ड फ्लू को लेकर पोल्ट्री संचालकों की बैठक, दिशा-निर्देश जारी



एच5 एन1 बर्ड फ्लू की गंभीर समस्या को देखते हुए जूनापारा चौकी में पुलिस विभाग ने क्षेत्र के 15 पोल्ट्री संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देशन दिए गए। बर्ड फ्लू के भीषण संकट को लेकर थाना चौकी प्रभारी संजीव ठाकुर ने इससे निपटने व सुरक्षा संबंधीत उपायों को आसपास के पोल्ट्री फार्म के संचालकों को बताने और सर्तक रहने के लिए कड़े निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पोल्ट्री फार्म के संचालकों को चौकी में तलब कर बर्ड फ्लू के संबंध में पूछताछ की गई। बैठक में बर्ड फ्लू के लक्षण व बचाव के तरीकों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही मानव में इसके लक्षण से संबंधित तथ्यों से भी पोल्ट्री फार्म संचालकों को अवगत कराया गया। बैठक में संतोष मरकाम, नारायण जायसवाल, गंगाराम साहू, नरेश कुमार पोर्ते, सचिन डिमर, रामेश्वर जायसवाल, रमेश साहू, नरेन्द्र साहू, प्रकाश साहू, राजेश जायसवाल, संतोष ध्रुव, पवन जायसवाल, शत्रुहन नेताम सहित आसपास के मुर्गा दुकानदार उपस्थि रहे।

## ग्राम हथनी व पिरैया में 1 करोड़ के विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत ग्राम हथनी व पिरैया में लगभग 1 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत ग्राम हथनी में सीसी रोड सह नाली निर्माण 49 लाख 60 हज़ार रुपए एवं ग्राम पिरैया में सीसी रोड सह नाली निर्माण 50 लाख रुपये का भूमि पूजन किया गया शामिल है।



■ गति प्रगति और विकास साय सरकार की गारंटी: धरमलाल

इस मौके पर श्री कौशिक ने ग्रामवासियों बधाई देते हुए कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शासन का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाना तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरेक गारंटी को धरातल पर उतारने के लिए सीएम विष्णुदेव साय संकल्पित है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुशासन की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जनता ने उन्हें सेवा और विकास के लिए चुना है। वे क्षेत्र की उन्नति एवं प्रगति के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार के बनने के बाद से बिल्हा में विकास का कार्य 4 गेयर पर दौड़ रहा है इससे स्पष्ट है कि गति, प्रगति और विकास हिसाय सरकार कि गारंटी है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सही क्षेत्र के कार्यकर्ता आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गौरवपथ के लिए 1.3 करोड़ की स्वीकृति



सकरी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा एवं प्रयासों के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने ग्राम सागर में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत मणी मनपार से सागर मइया तक 64.45 लाख की लागत से गौरव पथ सड़क सह नाली निर्माण कार्य को स्वीकृति दी है। साथ ही ग्राम समडिल में बस्ती से श्मशान घाट तक 38.77 लाख की सीसी रोड सह नाली निर्माण का कार्य को स्वीकृत प्रदान की गई है। क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## शादी समारोह में दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज



तखतपुर। वैवाहिक समारोह में डीजे की धुन पर नाचने को लेकर हुआ विवाद इतना आगे बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच सिर फुटौव्वल की स्थिति निर्मित हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं निवासी जगन्नाथ यादव उम्र 29 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई कि, गांव के पोद्दार रजक के यहां आए बारातियों के नाश्ते-पानी की व्यवस्था हमारे घर पर की गई थी। रात करीब 12 बजे के आसपास भोजन के बाद बारातियों में से बलदेव रजक और पवन पटेल वहां पहुंचे और घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। घर वालों के मना करने पर अन्य साथियों के साथ आरोपियों ने मिलकर घर में जबरन घुसकर जमकर तोड़फोड़ करते हुए उपस्थित लोगों के साथ मारपीट की। इस दौरान देवारी यादव, कौशिल्या बाई, सूरज, चंद्रप्रकाश, रंजीत रजक, बृजेश यादव और संजीव रजक सहित कई लोगों को चोटें आईं। दूसरी ओर बाराती पक्ष ग्राम मोढ़े निवासी बलदेव रजक उम्र 18 वर्ष ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 25 मार्च की रात करीब 10 बजे वे चंद्रकिलेश की बारात गया था। वह अन्य बारातियों के साथ भोजन कर रहा था, तभी ग्राम कुआं के 2-3 अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और बिना वजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस की धारा 296, 115,2 351, 2, 333, 324, 4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## संगठन की मजबूती ही पार्टी की ताकत: अटल



रतनपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस समिति द्वारा संचालित "संगठन सृजन अभियान" के तहत मंगलवार को रतनपुर स्थित रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन, अध्यक्षों के चयन तथा संगठन विस्तार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस समिति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। पदाधिकारियों ने कहा कि, वार्ड और बूथ स्तर पर सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना समय की मांग है। साथ ही लंबित वार्डों में कमेटियों के गठन को शीघ्र पूर्ण करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक अटल श्रीवास्तव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता से जुड़ें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। बैठक में स्थानीय मुद्दों और जनसमस्याओं पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि, वे क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और उनके निराकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर सहनवाज हुसैन, अभिनव तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, मदन कहरा, यासीन अली, शीतल जायसवाल, मिलन सिंह मरावी, रफीक बैग, संजय जायसवाल, रियाज खोखर, पार्षद पुष्पकांत कश्यप, अभिषेक मिश्रा, राकी अनुरागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्मानंद दाऊपारा के बच्चों ने जानी खेती की बारीकियां



मुंगेली। प्री-वोकेशनल एजुकेशन अंतर्गत पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के पूर्व माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष पूर्व व्यावसायिक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ आईपी यादव के निर्देशन में 25 मार्च को आयोजित विद्यार्थियों ने बीएसआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय तथा अनुसंधान केन्द्र चातरखार का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञों ने छात्रों को कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक वैज्ञानिक यंत्रों, ट्रैक्टर की कार्यप्रणाली, सिंचाई की सूक्ष्म तकनीकों और फसल कटाई के बाद के प्रसंस्करण, दाल मिल, मछली उत्पादन, सौर चलित सायकल, हाइब्रिड गेहूं की फसल आदि से संबंधित बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रयोगशालाओं अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों को प्रशिक्षकों ने बताया कि, कैसे विज्ञान और अभियांत्रिकी मिलकर खेती को आसान और अधिक लाभप्रद बना रहे हैं। ज्ञानवर्धक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के डीन डॉ जितेन्द्र सिन्हा सहित सभी विभागीय प्रमुखों का सराहनीय सहयोग रहा।

## जिले में 6 स्थानों पर प्याऊ घर का उद्घाटन

### स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में की गई पहल

मुंगेली। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के तत्वाधान में जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं निर्देशक तथा जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में जिले में कुल 6 स्थानों पर रामनवमी के पावन अवसर पर प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया।




जिला संघ के जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेन्द्र दिवाकर, जिला संगठन आयुक्त गाइड सृष्टि शर्मा, ब्लॉक सचिव जय बहादुर सिंह खांडेकर, ब्लॉक सचिव पथरिया विवेक केसरवानी की सक्रियता के फलस्वरुप जिला मुख्यालय में 4 एवं जिले में कुल 6 स्थानों पर प्याउ घर का उद्घाटन और शुभारंभ हुआ। मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम रामगोपाल तिवारी वार्ड पुलपारा में हुआ, जहां नपा उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा के सौजन्य से हनुमान मंदिर के पास प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इसमें जेठमल कोटड़िया अध्यक्ष, राणा प्रताप सिंह ठाकुर जिला मुख्य आयुक्त, रामशरण यादव उपाध्यक्ष, संतोष कुमार यादव कोषाध्यक्ष, कुणाल पांडेय तहसीलदार मुंगेली, चंद्रकांत राही अतिरिक्त तहसीलदार मुंगेली, अशोक सोनी डीएमसी मुंगेली, स्वतंत्र मिश्रा, उमाकांत सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार नवरंग प्राचार्य, राजेन्द्र दिवाकर डीटीसी स्काउट, शीला जायसवाल, चंपालाल सुथार आजीवन सदस्य, अवधेश पाठक, राहुल पाठक, मोनू बेलदार जिला सचिव, सृष्टि शर्मा डीओसी गाइड मुंगेली, जय बहादुर खांडेकर ब्लॉक सचिव मुंगेली सहित स्काउट रुद्रकुमार, देवकुमार एवं विक्रमजीत अंबेडकर उमा विद्यालय मुंगेली, विवेक कुमार साहू कोना तथा रेंजर बमलेश्वरी साहू, मोनिका पात्रे, मुस्कान डाहिरे, जया घिर्रे, सौम्या घिर्रे, रोशनी घिर्रे, रोवर दिव्यांशु साहू शासकीय उमा विद्यालय कोना एवं गाइड्स स्नेहा, अनामिका, अंबेडकर उमा विद्यालय मुंगेली सहित अन्य स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

इसी प्रकार जिला मुख्यालय मुंगेली शहर में आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा, हनुमान मंदिर परिसर में सृष्टि शर्मा डीओसी गाइड मुंगेली के सौजन्य से तथा सुरीघाट मुंगेली में रमेश यादव, उर्मिला रमेश यादव पूर्व सभापति जिपं मुंगेली के सौजन्य से एवं बालानी चौक मुंगेली में नरेन्द्र देवांगन, मां कल्याणी वस्त्रालय के सौजन्य से प्याऊ घर शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र दिवाकर ने किया।

## 404 लाभार्थियों के खाते में 40 लाख ट्रांसफर

सरगांव। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नगर के 404 भूमिहीन कृषक मजदूर परिवारों को योजना का लाभ प्रदान किया गया।



इस दौरान कुल 40 लाख 40 हजार रुपए की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की गई, जिससे लाभार्थी परिवारों के चेहरों पर संतोष और भरोसे की झलक साफ दिखाई दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि, यह पहल केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के उस वर्ग के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो वर्षों से अपनी मेहनत के बल पर जीवन यापन कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, नगर पंचायत का उद्देश्य है कि, कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने आगे कहा कि, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लगातार ऐसे निर्णय ले रही है, जिनका सीधा लाभआम जनता तक पहुंच रहा है। योजनाओं की पारदशिर्ता और सीधे खातों में राशि हस्तांतरण से लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। नगर अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि, सरगांव नगर के समग्र विकास, नागरिकों के सम्मान और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए नगर पंचायत लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम में बाबा परेटन गिरी गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, रामकुमार कौशिक, पार्षद जमुना पाड़े, महेश साहू, पवन साहू, उदित साहू, रघु ठाकुर सीएमओ घनश्याम शर्मा, तहसीलदार अतुल वैष्णव सहित जनप्रतिनिधि, हितग्राही एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

---

**समक्ष- नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं कौशिक पिता शरद दोशी पता महामाया विहार, वेयर हाउस रोड, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ : -

01. यह कि मेरे मार्कशीट में मेरे मेरे मार्कशीट का नाम कौशिक कुमार दोशी दर्ज है। 02. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे आधार कार्ड का नाम कौशिक दोशी दर्ज है। 03. यह कि यह दोनों नाम कौशिक कुमार दोशी व कौशिक दोशी एक ही व्यक्ति के हैं जो कि मैं स्वयं हूँ। 04. यह कि यह शपथ पत्र मेरे नाम के समर्थन में दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**कौशिक दोशी**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में उपरोक्त कंडिकाओं में किये गये समस्त कथन मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 26.03.2026 को मुकाम बिलासपुर में पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**कौशिक दोशी**

---

**आम इश्तिहार**

दीवानी अदालत व्यवहार न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के सप्तम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली छत्तीसगढ़ में खसरा नंबर 1923 रकबा 0.79 डिसमिल भूमि स्थित सरगाँव तहसील मुंगेली छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 31 अ/2026, जिसका जियायुद्दीन खान से कब्ज़ा प्राप्ति के लिए मामला भी तहसील न्यायालय सरगाँव में विचाराधीन है, जिससे दोनों अदालत में मामला लंबित होने से उक्त भूमि के 1923 रकबा 0.79 डिसमिल भूमि स्थित सरगाँव तहसील मुंगेली छत्तीसगढ़ के लेने देने खरीदने की कार्यवाही प्रस्तावित विक्रेता बसंत श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव एवं दुर्गेश श्रीवास्तव न किया जावे।

संलग्न दीवानी अदालत व्यवहार न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के सप्तम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत व्यवहार वाद 31 अ/2026 पक्षकार जियायुद्दीन खान विरुद्ध बसंत श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव एवं दुर्गेश श्रीवास्तव एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिलाध्यक्ष महोदय मुंगेली छत्तीसगढ़ का कम्प्यूटर से निकले गए कॉपी की प्रति

**जियायुद्दीन खान के वकील**
**विवेक कुमार त्रिपाठी (अधिवक्ता)**
**निवासी - रोहिणी विहार फेस 2**
**मकान नंबर 30 अज्ञेय नगर शिव मंदिर के पीछे बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.न. - 9425572492**

---

**समक्ष:- नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं अमित अग्रवाल आयु 46 वर्ष, पिता श्री राजकुमार अग्रवाल निवासी पी-34, सी.आर. -5, जैन मंदिर क्रांति नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का रहने वाला हूँ, जो कि मैं निम्नलिखित कथन करता हूं कि -

1. यह कि दिये गये उपरोक्त नाम व पते का स्थाई निवासी हूँ। तथा छत्तीगसढ़ राज्य का मूल निवासरत हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र इशर अग्रवाल अंग्रेजी अक्षरों में EISSHAR AGRAWAL जिसके समस्त शैक्षणिक दस्तवेजों में उसका नाम अंग्रेजी अक्षरों में EISHAR AGRAWAL दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण अंकित है। 3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्र. 4651 0029 4111 में मेरा नाम इशर अग्रवाल अंग्रेजी अक्षरों में EISSHAR AGRAWAL दर्ज किया गया है, जो कि सत्य व सही है। 4. यह कि मेरे पुत्र के नाम से भारतीय गणराज्य का पासपोर्ट क्र. U2495129 जिसमें कि उसका नाम अंग्रेजी अक्षरों में EISHAR AGRAWAL दर्ज किया गया है। 5. यह कि उपरोक्त सभी नाम मेरे पुत्र के ही हैं, तथा सभी नाम एक ही व्यक्ति के हैं। तथा अब वर्तमान में मैं अपने पुत्र के उपरोक्त पासपोर्ट में उसका दर्ज नाम अंग्रेजी अक्षरों में सुधरवाकर सही नाम अंग्रेजी अक्षरों में EISSHAR AGRAWAL अंकित कराना चाहता हूं। 6. यह कि मैं यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**अमित अग्रवाल**

---

**कार्यालय, वन परिक्षेत्र अधिकारी**
**लमनी, अचानकमार टाईगर रिजर्व**
Email: lamani_range@rediffmail.com
क्रमांक/भू.अभि./34
लमनी/दिनाँक 03/03/2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अतरिया तहसील लोरमी व थाना लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) की भूमि वन अधिकार पत्र क्रमांक 0572485 ऋण पुस्तिका नम्बर P-069228 कक्ष क्रमांक 286 आर.एफ. रकबा 1.407 हेक्ट. जो कि आवेदक श्री रतन सिंह बैगा माता स्व. रामबती बैगा जाति बैगा ग्राम अतरिया, तहसील लोरमी, थाना लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के नाम से है, जिसका नामांतरण इनके विधिक वारिसान पुत्र श्री रतन सिंह बैगा माता स्व. रामबती बैगा ग्राम अतरिया थाना व तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के नाम पर छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 299 रायपुर, मंगलवार दिनांक 16 जुलाई 2024 में प्रकाशित आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की अधिसूचना दिनांक 15 जुलाई 2024 क्रमांक एफ 10-11/2007/25-2 के परिशिष्ट-एक में प्राप्त प्रदत शक्तियों के तहत नामांतरण कार्य किया जाना है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो, तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से 15 दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे कार्यालयीन सील मोहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**वन परिक्षेत्र अधिकारी**
**लमनी अचानकमार टाईगर रिजर्व**

---

**// आमसूचना //**

मैं अपने आसामीगण श्री राजेश कुमार कश्यप, उम्र 52 वर्ष, पिता कामता प्रसाद कश्यप एवं श्री विकास कश्यप, उम्र 43 वर्ष, पिता होरीलाल कश्यप, दोनो निवासी- जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार निम्न आशय का यह आमसूचना प्रकाशित करता हूं कि मौजा चांटीडीह, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 13/10 रकबा 0.29 एकड़ एवं खसरा नंबर 13/12 रकबा 0.06 एकड़ राजस्व अभिलेखों में भूमि स्वामी के रूप में नवरतन सिंह पवार पिता श्री मुन्नु सिंह पवार, निवासी- तेलीपारा बिलासपुर के नाम पर दर्ज चला आ रहा है, जिसमें से 40 x 80 = 3200 वर्गफुट भूमि जिसकी चौहद्दी उत्तर, दक्षिण एवं पश्चिम में नवरतन सिंह पवार की भूमि तथा पूर्व में आम रास्ता अवस्थित है, को आगे सौदाशुदा भूमि के नाम से संबोधित किया जायेगा।

श्री दीपक मिश्रा, उम्र 52 वर्ष, पिता स्व. शिवकुमार मिश्रा, निवासी- गोंड़पारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने सौदाशुदा भूमि को भूमि स्वामी नवरतन सिंह पवार से क्रय किये जाने हेतु अनुबंध किये जाने का कथन करते हुये मेरे आसामीगण को सौदाशुदा भूमि को विक्रय करने का सौदा किया है और बयाना राशि प्राप्त किया है। मेरे आसामीगण शीघ्र ही शेष प्रतिफल राशि की अदायगी श्री दीपक मिश्रा के माध्यम से भूमि स्वामी श्री नवरतन सिंह पवार को अदा कर पंजीकृत बैनामा अपने पक्ष में तहरीर करवाने वाला है।

सो जो कोई आम जनता, निगम, निकाय, संस्था, बैंक, व्यक्ति उपरोक्त भूमि से स्वयं को हितबद्ध समझते हो, वे इस आमसूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने स्वामित्व/दावा के संबंध में दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय मे कर सकते है, समयावधि अवसान पश्चात की गई आपत्ति / दावा विधि मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने !
दिनांक: 26.03.2026
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
रत्नेश कुमार अग्रवाल
अधिवक्ता, नियर लाईफ केयर हॉस्पिटल करबला
जूना बिलासपुर मो. 9827497567

---

**गुमा अंकसूची**

**मैं बबली साहू आयु 26 वर्ष पिता रामकुमार जाति तेली निवासी नगरौड़ी बिलासपुर तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ, जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-**

1. **यह कि मै बबली साहू ने कक्षा नर्सिंग (GNM) 1st+2nd की परीक्षा सन 2021-2022 में बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग चिचिरदा महाविद्यालय से छात्रा के रूप में परीक्षा देकर उत्तीर्ण किया था।**
2. **यह कि उक्त क्लास उत्तीर्ण की मूल अंकसूची प्रमाण पत्र जो कि मुझे प्रदान किया गया था। वह अचानक कहीं गुम हो चुकी है।**
3. **यह कि उक्त प्रमाण पत्र की डुप्लीकेट प्रति निकालने के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित करती हूँ।**

**शपथकर्ता**
**बबली साहू**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र./ अ-6 अ/2025-26
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती जाम बाई पति श्री जगदीश साहू निवासी भगत सिंह आजाद नगर तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया है कि ग्राम घुरु प.ह.नं. 61 रा.नि.म. व तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 183/13, 183/14 रकबा 0.0160 हे., 0.012हे. भूमि को उप पंजीयक कार्यालय बिलासपुर मे दिनांक 23.05.2014 को क्रय किया गया है, जिसका नामांतरण आवेदक द्वारा अपने नाम पर करा लिया गया है। परन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में उक्त भूमि का बी.।, पी- ।। नहीं दिखा रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि आवेदक उक्त वर्णित दोनो खसरा की भूमि का रिकार्ड सुधार कर ऑन लाईन दर्ज कराना चाहते है। अतः उक्त भूमि में उक्त खसरा एवं रकबा में भूमि का रिकार्ड दुरूस्त कर ऑन लाईन करने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 6/4/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

---

**समक्ष- नोटरी सिविल**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं विवेक पिता शरद दोशी पता महामाया विहार, वेयर हाउस रोड, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ, जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ : -

01. यह कि मेरे मार्कशीट में मेरे मेरे मार्कशीट का नाम विवेक कुमार दोशी दर्ज है। 02. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे आधार कार्ड का नाम विवेक कुमार दोशी दर्ज है। 03. यह कि यह दोनों नाम विवेक कुमार दोशी व विवेक दोशी एक ही व्यक्ति के हैं जो कि मैं स्वयं हूँ। 04. यह कि यह शपथ पत्र मेरे नाम के समर्थन में दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**विवेक दोशी**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में उपरोक्त कंडिकाओं में किये गये समस्त कथन मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 26.03.2026 को मुकाम बिलासपुर में पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**विवेक दोशी**

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दीपक चौरसिया उम्र 47 वर्ष निवासी भारतीय नगर वार्ड क्र. 21 बिलासपुर छ.ग. जिनके पिता स्व. रामसिया चौरसिया जी का निधन 22.04.25 को हो चुका है उनके द्वारा छोड़े गए चल अचल सपंत्तियों के एकमात्र मालिक थे उक्त संपत्तियों का विवरण निम्न अनुसार है: 1. प.ह.नं. 40 ग्राम तिफरा खं. क्र. 655/6 रकबा 0.0200 हे. पक्का मकान 2. प.ह.नं. 40 ग्राम तिफरा ख.क्र. 835/2 रकबा 0.1090 हे. भूमि 3. प.ह.नं. 39 ग्राम कोपरा तह. सकरी ख.क्र. 13 रकबा 0.6440 हे. कृषि भूमि है मेरे पक्षकार अपने स्व. पिता के ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते उपरोक्त संपत्तियों के विधिक उत्तराधिकारी में से एक है जो कि यह आम सूचना करते है कि यदि किसी भी विधिक उत्तराधिकारी या अन्य द्वारा उपरोक्त भूमि, मकान की बिक्री हेतु किसी भी पक्ष द्वारा अनुबंध, अग्रिम भुगतान किया गया हो तो वह अमान्य व विधि विरूद्ध होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित पक्षकारों की होगी।

अतः उपरोक्त संपत्तियों के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई संव्यवहार करता है तो वह अवैध एवं प्रभाव शून्य मानी जावेगी जिस हेतु यह आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

सो सूचना जाने। दिनांक 26.03.2026

**सुमित यादव (अधिवक्ता)**
**अधिवक्ता कक्ष क्रमांक 162**
**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर**
**छत्तीसगढ़ मो. 9039101010**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## काउंसिलिंग

## परीक्षा के परिणाम को लेकर घबराएं नहीं स्टूडेंट्स के लिए कई कॅरियर ऑप्शन खुले



**बिलासपुर।** स्टूडेंट्स किसी भी परीक्षा को जीवन की अंतिम परीक्षा मानकर न चलें और न ही असफलता से घबराएं। आज के समय में स्टूडेंट्स के लिए ढेरों कॅरियर विकल्प हैं, जिससे स्टूडेंट्स अपने भविष्य को सुनहरा बना सकता है।

यह कहना है शहर की जाने-माने कॅरियर काउंसलर डॉ. अजित वरवंडकर और डॉ. वर्षा वरवंडकर का। उनका कहना है कि स्टूडेंट्स किसी भी परिस्थिति में परीक्षा को जीवन की अंतिम परीक्षा न मानें। परीक्षा में सफलता या असफलता से व्यक्ति की कामयाबी की पैमाना तय नहीं होता। स्टूडेंट्स अपने पर भरोसा रखें। मन में हताशा या नकारात्मक भाव आए तो वे अपने पैरेंट्स, टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें। इस स्थिति में पैरेंट्स व टीचर्स बच्चों का हौसला बढ़ाएं। 10वीं-12वीं की परीक्षा में असफल होना जीवन का अंत नहीं, बल्कि नए अवसरों की शुरुआत है। स्टूडेंट्स सेकंड अटेंप्ट एग्जाम देकर साल बचा सकते हैं या फिर आईटीआई, डिप्लोमा, ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग और वोकेशनल कोर्सेज जैसे स्किल-आधारित कॅरियर चुनकर भविष्य संवार सकते हैं। ओपन स्कूल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के माध्यम से बिना साल बर्बाद किए दोबारा परीक्षा देकर पास हो सकते हैं। अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार क्षेत्र चुनें। सिर्फ डिग्री पर ध्यान न देकर प्रैक्टिकल स्किल सीखने पर जोर दें। निराश न हों, यह सिर्फ एक परीक्षा है, जीवन का पैमाना नहीं।

### ये हैं कॅरियर ऑप्शन

12वीं के असफल स्टूडेंट्स सीबीएसई, सीआईएससीई या राज्य बोर्ड के माध्यम से तुरंत दोबारा परीक्षा देकर पास हो सकते हैं। इसके अलावा 10वीं बेस से आईटीआई कोर्सेज जैसे- इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन के जरिए तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इसमें 10वीं के बाद 3 साल का इंजीनियरिंग डिप्लोमा पॉलिटेक्निक का विकल्प है। वोकेशनल कोर्सेज में फ्रंट ऑफिस ऑपरेशंस, टूरिज्म, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट। रक्षा सेवा 10वीं पास के बाद आर्मी, नेवी या एयरफोर्स में ट्रेडमैन के पद पर भर्ती।

# हनुमान के गुणों को उतारें अपने जीवन में : पं. मेहता

जीवन में सत्संग कर सकते हैं तो करें पर कभी भी गलत आदमी के साथ न बैठें। कुसंग करने से बचें। राम आनंद का खजाना हैं। उलझे जीवन को सुलझाना है तो हनुमान चालीसा से हनुमान के गुणों को अपने जीवन में उतारें। प्रशंसा को अहंकार में न बदलें। घर के लोगों को पत्थर न बनाएं। सदैव मुस्कारते रहें।

### महामाया मंदिर परिसर नगोई में हनुमान महापाठ



**बिलासपुर।** ये बातें श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा महाअष्टमी के अवसर पर महामाया मंदिर परिसर ग्राम नगोई बैमा में आयोजित श्री हनुमान महापाठ में रामू सहज आनंद निधानू विषय पर बोलते हुए प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता ने कही। उन्होंने भगवान राम के वनवास की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजा दशरथ के पीछे माता कैकेयी राज चलाती थीं। वे चाहती थीं कि भगवान राम अयोध्या के राजा बनें और वे इस बात को राजा दशरथ से भी कहा करती थीं। यहां तक कि परमात्मा से भी मांगा करती थीं कि अगले जन्म में राम मेरा बेटा बने पर कैकेयी ने मंथरा का कुसंग कर लिया और राम को वनवास जाना पड़ा। मन की वृत्ति का नाम मंथरा है और यह हम सब के मन में रहता है। उन्होंने बताया कि मंथरा ने रघुवंश तो शकुनी ने गुरूवंश को तोड़ा। मंथरा कैकेयी तो शकुनी गंधारी के साथ दहेज में आए। दोनों ने घर फोड़े। मामा शकुनी ने भांजा दुर्योधन को इतना भड़काया कि उसने महाभारत करा दिया। इससे बचने मंथरा को घर में अंगड़ाई मत लेने देना क्योंकि कैकेयी के कुसंग के कारण ही भगवान राम को वनवास जाना पड़ा।

### श्री हनुमान महापाठ समिति का आयोजन



चालीसा का सामूहिक पाठ

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। अंत में श्री हनुमान की आरती कर सभी के सुखी जीवन होने की कामना की गई। पं. मेहता ने बताया कि अब हनुमान चालीसा की ऑनलाइन क्लासेस लगेगी। इससे बच्चों को जोड़ कर उन्हें संस्कारवान बना सकते हैं।

आज के कार्यक्रम में शहर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, अनिल टाह, मनोज भंडारी, अनिल खंडेलवाल, सुनील खंडेलवाल, संजय रजक, जूही जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हनुमानजी के हैं कई नाम

पं. मेहता ने बताया कि भगवान हनुमान के बहुत सारे नाम हैं। हनुमान उनका नाम नहीं बल्कि उनका टाइटल है। उनका असली नाम तो बजरंगी है। बचपन में वे सूर्य देव को निगल दिए थे तो पूरा अंधकार छा गया था। ऊपर वाला किसी के अहंकार को नहीं रहने देता। वे वक्त बदलने में माहिर हैं। खराब समय आने पर जो हर दिन सलाम करते हैं वे पहचानना भी भूल जाते हैं, इसलिए अहंकार न पालें। भगवान रामजी से सीख लें जो कि एक क्षण में वनवास चले गए थे। उनके चरित्र को जीवन में उतारें।

### विद्यावान व विद्वान होने में है फर्क

पं. मेहता ने कहा कि विद्यावान व विद्वान होने में काफी फर्क है। रावण विद्वान एवं अंजनी पुत्र हनुमान विद्यावान थे। विद्वान व्यक्ति ज्ञानी होते हैं और विद्यावान व्यक्ति विद्वान होने के साथ ही गुणवान भी होते हैं। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने की बात पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाने भर से कुछ नहीं होगा। उन्हें पढ़ाने के साथ ही संस्कारवान भी बनाएं। संस्कार किसी स्कूल, कॉलेज व इंस्टीट्यूट से नहीं घर में माता-पिता के आचरण से मिलता है।

### प्रयास करें कोई निरक्षर न रहे

पं. मेहता ने क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा इस महापाठ आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विधायक का प्रयास रहे कि इस क्षेत्र में कोई निरक्षर न रहे, क्योंकि निरक्षर व्यक्ति आज दो वक्त की रोटी नहीं कमा सकता। उन्होंने कहा कि स्वयं पढें और बच्चों को भी पढाएं। हैसियत से ज्यादा कुछ करें या न करें पर बच्चों को हैसियत से ज्यादा पढ़ाएं। विद्या का कोई विकल्प नहीं होता है।

### मन को मलिन न रखें

जीवन प्रबंधन गुरु ने कहा कि मन को मलिन न रखें। इंसान जैसा सोचता है, वैसा ही उसे दिखता है। गुरु द्रोणाचार्य कौरवों, पाण्डवों को शस्त्र की शिक्षा देते थे। एक दिन उन्होंने दुर्योधन से कहा कि शहर से अच्छा व्यक्ति ढूंढकर लाए पर दुर्योधन को कहीं भी अच्छे व्यक्ति नहीं मिले। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर को बुरे व्यक्ति ढूंढकर लाने कहा तो युधिष्ठिर को कोई बुरे व्यक्ति नहीं मिले। यह सब सोच का प्रभाव है।

### करें जीवन का रूपांतरण

जीवन प्रबंधन गुरु ने कहा कि तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में रसिया शब्द लिखा है। इसका मतलब है हनुमानजी भीतर से राम रस में डूबे रहे। हनुमान चालीसा पढ़ने वाला कभी उदास नहीं हो सकता है। चालीसा के माध्यम से जीवन में रूपांतरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसकी गृहस्थी में परमात्मा नहीं होंगे उनका गृहस्थ चौपट हो जाएगा।

## आयोजन

## टेलीस्कोप निर्माण व क्षुद्र ग्रह की खोज कार्यशाला में बच्चों ने दिखाया उत्साह



**बिलासपुर।** मुंबई के खगोलविद् एवं खगोलीय फोटोग्राफी विशेषज्ञ अमृतांशु वाजपेई एवं भोपाल के दूरदर्शी निर्माण विशेषज्ञ सह खगोलविद् मुकेश सतनकर ने बुधवार को मदर्स प्राइड विद्यालय चकरभाटा एक कार्यशाला आयोजित। इसमें कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### 5 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने निभाई सहभागिता

कार्यशाला में श्री सतनकर ने टेलीस्कोप निर्माण करने, इसे बनाते समय सावधानियां बरतने, इस पर प्रकाश डालते हुए इसे बनाकर व संचालित कर बच्चों को दिखाया। श्री वाजपेई ने खगोलिया घटना के संबंध में पीपीटी व वैज्ञानिक द्रृय द्वारा क्षुद्र ग्रहों की खोज पर विशेष प्रस्तुति दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस क्षेत्र के कम से कम चार विद्यार्थियों का चयन अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र ग्रह की खोज प्रतियोगिता के लिए किया जा सकता है। साथ ही इनके द्वारा खोजे गए क्षुद्र ग्रहों का नाम इन्हीं नन्हें वैज्ञानिकों के नाम पर होगा। यह बच्चों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। ज्ञात हो कि वैज्ञानिक अमृतांशु वाजपेई द्वारा सप्तऋषि अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र ग्रह खोज कैंपेन चलाया जा रहा है, जो नासा द्वारा प्रायोजित है। चेयरमेन साबिनो दीसुजा ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि आकाश एक खुला ज्ञान है। जहां पन्ने भी पलटने की जरुरत नहीं है। भारत के चहुंमुखी विकास हेतु अंतरिक्ष को एक्सफ्लोर करने की जरुरत है। प्राचार्य वंदना ने इस तरह की कार्यशाला की अवश्यकता पर बल दिया।

## स्पोर्ट्स

## क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर-16 संभावित टीम घोषित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंडर 16 का इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच खेला जाएगा। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा आज दिनांक 26 मार्च को कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल संपन्न किया गया।

ट्रायल के दौरान कल 172 खिलाड़ियों ने अपना क्रिकेट के बारीकियों का प्रदर्शन किया गया ।अंडर 16 ट्रायल में बिलासपुर जिला के अलावा मुंगेली, पेंड्रा, मरवाही ,जांजगीर चांपा, कोटा, चकरभाटा, सीपत ,तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी, लोरमी से खिलाड़ी ट्रायल देने पहुंचे थे ट्रायल की प्रक्रिया सुबह 9:00 बजे प्रारंभ किया गया । जिसमें सर्वप्रथम खिलाड़ियों द्वारा अपना फार्म भरने एवं अपना दस्तावेज जमा करने का कार्य पूर्ण किया गया। उसके पश्चात ट्रायल की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया ट्रायल को पूर्ण करने के लिए चयनकर्ता के रूप में शैलेश सैमुअल, सुशांत शुक्ला और आकाश सिंह के द्वारा किया गया। चयनकर्ताओं ने सभी खिलाड़ियों को परखते हुए उनके प्रदर्शन को देखने के पश्चात अंडर 16 कैंप के लिए संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित सभी खिलाड़ी कल दिनांक 27 मार्च को दोपहर 4 बजे आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में रिपोर्ट करना होगा। अंडर 16 ट्रायल के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह उपस्थित थे।

# अष्टमी पर हवन कर कराया गया कन्याओं को भोजन



शहर में चैत्र नवरात्रि श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। अष्टमी पर गुरुवार को काली मंदिर तिफरा, शीतला मंदिरों सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में देवी मां का विशेष श्रृंगार कर महागौरी के रूप में पूजा की गई। वहीं भक्तों की भी भारी भीड़ रही। कई मंदिरों में हवन कर पूर्णाहुति की गई। कन्या भोजन कराया गया।

### देवी की विशेष श्रृंगार कर महागौरी के रूप में हुई पूजा



**बिलासपुर।** शहर में इन दिनों चैत्र नवरात्रि की धूम है। चारों तरफ देवी गीतों की गूंज हो रही है। श्रद्धालु भक्त सुबह से लेकर शाम तक देवी का दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे हैं। इससे दिन भर हलचल रही। अष्टमी पर गुरुवार को कई मंदिरों व घरों में हवन कर कन्या भोजन कराया गया। शुक्रवार नवमीं के दिन भी हवन व कन्या भोजन कराने का क्रम चलेगा। लिंक रोड तिराहा स्थित श्री शीतला माता मंदिर में अष्टमी पर देवी की षोडषोपचार पूजन के साथ हवन कर पूर्णाहुति की गई। मंदिर के पुजारी आचार्य पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि पूरे नवरात्रि हर दिन धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। पंचमी व सप्तमी के दिन भण्डारा कर खीर-पुड़ी, हलवा व चने की सब्जी वितरित कर विश्व कल्याण की कामना की गई।



### राम मंदिर में मना राम जन्मोत्सव

राममंदिर तिलक नगर में अष्टमी पर राम जन्मोत्सव उत्साह से मनाया गया। इस दौरान भगवान राम की विशेष पूजा कर प्रसाद लगाए गए। इस मौके पर श्रीराम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद काले सहित अन्य श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।

### कराए गए विभिन्न संस्कार



गायत्री प्रज्ञापीठ सुभाष चौक सरकंडा में जप, अनुष्ठान व 5 कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर कन्या भोजन कराया गया। पुंसवन संस्कार, जन्मदिन संस्कार भी हुए। मनुष्य में देवत्य का उदय और धरती में स्वर्ग का अवतरण का संकल्प गायत्री परिवार के परिजनों ने लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यवस्थापक डॉ अनिला पाठक, श्रीकांत, केके. अवस्थी, आईएस चंदेल, बी.आर पटेल, एसएस जायसावल, सुश्री वर्षा ताम्रकर, राखी राम, अमित व प्रिया श्रीवास का योगदान रहा।

### पूजा, आरती कर लिया आशीर्वाद



माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने अष्टमी की पूजा, आरती कर भोग लगाया एवं 151 कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन करवाया। विनीता, सरोज, अंजना, नीलम, किरण, सरिता, ममता, नीता, रेखा, पूजा, आरती, शीला, सुजिता, मंजू आदि सभी ने घर के मंदिरों में पूजा की।

### रामनवमीं पर आज व्यंकटेश मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भगवान हनुमान सहित अन्य झांकियां रहेगी दर्शनीय

बिलासपुर। सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में शुक्रवार 27 को रामनवमीं उत्सव मनाया जाएगा। प्रातः मंगला आरती प्रभु श्रीराम का जलाभिषेक कर भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम का जन्म उत्सव, कीर्तन भजन के उपरांत शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, गोल बाजार, जूना बिलासपुर, पुराना हाईकोर्ट, टैगोर चौक, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, सिविल लाइन थाने के सामने, मिशन हॉस्पिटल रोड होते हुए वापस व्यंकटेश मंदिर में शोभायात्रा का समापन होगा। यहां महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### शक्ति की भक्ति और श्री राम के आदर्शों का महासंगम



सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में चल रहे चैत्र वासंतिक नवरात्र महोत्सव ने अपनी दिव्यता के उच्चतम शिखर को स्पर्श कर लिया है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के पावन संरक्षण में संचालित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आठवें एवं नौवें सोपान की सम्मिलित कथा के साथ गरिमामय समापन हुआ। ज्ञान की इस अविरल धारा के विश्राम के पश्चात, 27 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तत्पश्चात 12 बजे श्री रामचंद्र जी की महाआरती और शक्ति स्वरूपा कन्याओं के पूजन, भोजन और भंडारा का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। देवी भागवत कथा का मंगलमय समापनः सिद्धि और शक्ति का अद्भुत समन्वय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के अंतिम सत्र में कथावाचक आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी 'राजपुरोहितजी ' ने माँ महागौरी और माँ सिद्धिदात्री के स्वरूपों का संयुक्त विवेचन किया।

### सोलापुरी माता का भव्य श्रृंगार कर सहस्रनाम का सामूहिक वाचन



श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक पूजा महोत्सव के अंतर्गत पूजा पंडाल में मां सोलापुरी देवी का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार महाराष्ट्र की आराध्य देवी तुलजा भवानी के रूप में किया गया। आकर्षक सजावट,पारंपरिक वेशभूषा एवं दिव्य आभूषणों से सुसज्जित माता का स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा पंडाल में दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। प्रातः 10 बजे समिति की महिलाओं द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से ललिता सहस्रनाम का सामूहिक वाचन किया गया। मंत्रोच्चार एवं भक्ति रस से परिपूर्ण इस आयोजन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इसके पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# अयोध्या की धरा पर छलक उठी आस्था, रामलला के हुए दिव्य दर्शन

कॉर्नर न्यूज

**बिलासपुर।** चैत्र नवरात्र रामनवमी के पावन अवसर में बिलासपुर से निकले 1008 रामभक्तों का दिव्य जत्था आज अयोध्या पहुंचा, जहां रामलला के प्रथम दर्शनों ने श्रद्धालुओं का मन भाव-विभोर कर दिया। भगवा वेशधारी भक्तों ने संगम स्नान, पदयात्रा और भजन-कीर्तन के बीच ऐसी आध्यात्मिक अनुभूति पाई, जिसने उनके जीवन को नई दिशा देने का काम किया। भक्तों ने कहा कि अयोध्या पहुंचकर लगा मानो जीवन सफल हो गया।

बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड से 25 मार्च की सुबह 1008 रामभक्तों का विशाल जत्था विधिवत मंत्रोच्चार और जयघोषों के बीच रवाना हुआ। यात्रा संयोजक प्रवीण झा और उनकी टीम ने पूरे मार्ग में भक्तों की सुरक्षा, भोजन, आवास और चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से ध्यान रखा। बसों में हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों ने गर्जनापूर्ण 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ यात्रा प्रारंभ की।

26 मार्च को आज अयोध्या पहुंचते ही स्थानीय स्वयंसेवकों ने पुष्पवर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। होटल में विश्राम के बाद सभी श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पदयात्रा के रूप में श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। रामलला के दर्शन करते ही श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

### बिलासपुर से अयोध्या पहुंचा श्रद्धालुओं का विशाल जत्था

### त्रिवेणी संगम स्नान से लेकर रामलला दर्शन तक भाव-विभोर हुए भक्त



**संगम स्नान से मिली आत्मिक शुद्धिः** प्रयागराज पहुंचते ही सभी 1008 श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भक्तों ने बताया कि गंगा, यमुना और सरस्वती के इस पवित्र मिलन स्थल पर स्नान करते ही मन जैसे पवित्र हो गया। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि संगम का जलाभिषेक केवल शरीर का नहीं, बल्कि आत्मा का शुद्धिकरण है। इस क्षण ने यात्रा की आध्यात्मिकता को और गहरा कर दिया।

### जीवन में परिवर्तन का क्षण

बिलासपुर के केसी मिश्रा ने कहा दर्शन के उस पल ने आत्मा को शांति दी, लगा मानो प्रभु ने अपने चरणों में बुला लिया। वहीं युवा श्रद्धालु अमित साहू ने बताया यह यात्रा मेरे जीवन में परिवर्तन का क्षण बन गई है। मैं अयोध्या से लौटकर नशामुक्त और अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लेकर जा रहा हूं। यात्रा के दौरान प्रयागराज संगम स्नान भी शामिल रहा, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती के मिलन ने भक्तों को आंतरिक शुद्धि का एहसास कराया। पूरे कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका ने यात्रा को अनुशासित और सफल बनाया।

**खबर संक्षेप**

### पैसा नहीं देने पर हथौड़ी से बहन का सिर फोड़ा



**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर हथौड़ी से बहन का सिर फोड़ने वाले भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, 24 मार्च की रात 10 बजे आनंद मार्ग कोनी निवासी कु. मनिश्वरी मनहर घर में अकेले सो गई थी। इसी दौरान उसका भाई मानेश्वर मनहर पिता स्व. शिव नारायण आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो उसने गाली गलौज करते हुए हथौड़ी से हमला कर सिर फोड़ दिया था। पुलिस ने आरोपी भाई मानेश्वर मनहर को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक चोरी करने वाला ढाबा कर्मचारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुर्गा पंडाल के पास बाइक चोरी करने वाले ढाबा संचालक के कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाइक चोरी में शामिल उसका भाई पहले से आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद है। पिछले दिनों चकरभाठा पुलिस ने बिना नम्बर की 7 बाइक जब्त की थी। एक बिना नम्बर की बाइक को होईकोर्ट रोड स्थित गुरूनानक ढाबा से जब्त किया गया था। उस दौरान ढाबा संचालक ने टीआई श्री साहू पर थाने में उनके साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट करने का आरोप लगाया था। सोशल मीडिया में उनका वीडियो जोरों से वायरल हो रहा था। जांच में उक्त बिना नम्बर की बाइक चोरी की निकली थी। सितम्बर 2025 में उक्त बाइक रिवरव्यू के पीछे आर्दश दुर्गा उत्सव समिति पंडाल के पास से चोरी हुई थी। कोतवाली थाने में बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज थी। कोतवाली पुलिस टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि इस मामले में ढाबा संचालक के कर्मचारी रतनपुर निवासी गणेश सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी में शामिल उसका भाई कन्हैया सूर्यवंशी रतनपुर थाने से आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद है।

### राजस्व मामलों का समाधान शिविर 1 से

**बिलासपुर।** राजस्व मामलों के निराकरण के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गांव-गांव में समाधान शिविर लगाकर किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज समय-सीमा की बैठक में कहा कि किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण मौके पर ही समाधान शिविर में किया जाए। उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के अनुरूप शिविर के लिए एजेण्डा जारी कर दिए हैं। उन्होंने शिविर का कोटवारों और अन्य माध्यमों से अधिक से प्रचार करने को कहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण और किसान शिविरों का फायदा उठा सकें। राजस्व पखवाड़ा का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 4 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 1 जून से 15 जून तक होगा। इन शिविरों में राजस्व अमला गांव स्तर पर पहुंचकर विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण करेगा। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बंटांकन, व्यपवर्तन एवं वृक्ष कटाई से संबंधित समय-सीमा से बाहर प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा।

**अभी तक 95 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली** | 31 मार्च तक सौ करोड़ वसूली का आंकड़ा हो जाएगा पार

# आनलाइन सुविधा देने के बाद निगम ने पार किया टैक्स वसूली का आंकड़ा

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा अपने सीमा क्षेत्र के नागरिकों को इसी वित्तीय वर्ष में आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा दी गई है। आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा देने के बाद नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। निगम ने टैक्स वसूली के पिछले साल के आंकड़े को पार कर अब तक 95 करोड़ रुपए की वसूली कर ली है, 31 मार्च तक 100 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लिया जाएगा।

नगर निगम द्वारा इस वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर, बाजार कर, दुकान किराया आदि सारे टैक्स मिलाकर लगभग 120 करोड़ राशि का टारगेट रखा गया है। इसमें लगभग 44 करोड़ रुपए तो केवल संपत्ति कर का टारगेट है। पिछले साल इससे कुछ कम टारगेट था, जिसका पीछा करते हुए नगर निगम ने 90 करोड़ रुपए टैक्स वसूली की थी। पिछले साल के इस आंकड़े को निगम ने पार कर लिया है और अभी तक लगभग 95 करोड़ रुपए टैक्स वसूली की जा चुकी है। इस मार्च माह के बचे हुए दिनों में यह आंकड़ा बढ़कर 100 करोड़ रुपए टैक्स वसूली को पार करने की संभावना जताई जा रही है। इस बार टैक्स वसूली में बढ़ोतरी के पीछे एक प्रमुख वजह आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा दिए जाने को माना जा रहा है। शहर के नागरिक निगम के आनलाइन पौर्टल में जाकर घर बैठे अपना संपत्ति कर जमा कर रहे हैं। यह सुविधा इसी वित्तीय वर्ष में चालू की गई है जिसका लाभ नागरिक भी ले रहे हैं और नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि हो रही है।

### जल कर जमा करने आनलाइन की सुविधा नहीं



नगर निगम ने अभी संपत्ति कर समेकित कर आदि टैक्स जमा करने के लिए आनलाइन सुविधा उपलब्ध करा रही है, लेकिन नगर निगम के नल कनेक्शन के जरिए पानी लेने वाले लोगों को जल कर जमा करने अभी भी निगम कार्यालय के चक्कर काटना पड़ रहा है, क्योंकि पानी का टैक्स मैनुअल ही जमा हो रहा है और अभी तक निगम ने पानी टैक्स आनलाइन जमा करने की सुविधा शुरू नहीं की है। इसलिए पानी का टैक्स जमा करने लोगों को निगम कार्यालय में लाइन लगाने की परेशानी से छुटकारा नहीं मिल पाया है।

### पिछले साल टैक्स जमा करने 30 अप्रैल तक छूट

पिछले साल नगर निगम में संपत्ति कर जमा करने के लिए राज्य शासन ने विशेष छूट प्रदान की थी और 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने की मोहलत लोगों को दी गई थी, क्योंकि 31 मार्च तक टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि होती है, उसके बाद टैक्स जमा करने वालों को जुर्माना भी देना पड़ता है, लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य, नगरीय निकाय चुनाव के चलते नगरीय निकायों में टैक्स वसूली का कार्य प्रभावित हुआ था, जिसे देखते हुए राज्य शासन ने 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने पर जुर्माना से विशेष छूट दे दी थी।

### डोर-टू-डोर कलेक्शन लगाया जा रहा कैंप

नगर निगम द्वारा अपने कार्यालयों में काउंटर के जरिए टैक्स जमा कराया जा रहा है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष के अंतिम महिना को देखते हुए टैक्स जमा करने शिविर भी आयोजित किया जा रहा है। आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा तो है ही, साथ ही नगर निगम का राजस्व अमला घर-घर घूमकर डोर-टू-डोर टैक्स वसूली भी कर रहे हैं।

### बड़े बकायादारों से टैक्स वसूली पर जोर

नगर निगम द्वारा चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए राजस्व वसूली के टारगेट को पूरा करने की दिशा में बड़े बकायादारों से बकाया टैक्स वसूली पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम द्वारा पिछले कुछ सालों से टैक्स का लाखों रुपए बकाया वाले लोगों को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत कुर्की कार्रवाई का नोटिस भी जारी किया गया है।

### जलकर भी आनलाइन किया जाएगा

टैक्स वसूली की स्थिति ठीक है और आनलाइन टैक्स जमा करने लोग रूचि दिखा रहे हैं। पिछले साल के वसूली का आंकड़ा अभी पार कर लिया गया है और मार्च महिना समाप्त होते तक यह आंकड़ा और बढ़ेगा। जहां तक जल कर वाली बात है तो अभी जल कर को आनलाइन नहीं किया गया है, किन्तु इस साल जल कर भी आनलाइन जमा करने की सुविधा देने का प्रयास है।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, ननि

एसएसपी के निर्देश पर एसीसीयू की टीम ने की कार्रवाई

# बाइक चोरी करने वाले 4 युवक और 3 खरीददार गिरफ्तार, 6 बाइक जब्त



पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीसीटीवी फुटेज से बाइक चोरी करने वाले 4 युवक व 3 खरीददारों को एसीसीयू टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की 6 बाइक जब्त किया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने लगातार बाइक चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू टीम को चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया गया था। एएसपी पंकज कुमार पटेल के नेतृत्व में एसीसीयू टीम प्रभारी तोप सिंह नवरंग, एएसआई हेमंत आदित्य, प्रमोद सिंह एवं अन्य फुटेज के आधार पर बाइक चोरों की तलाश में लग गए थे। साइबर सेल की तकनीकी सहायता से मस्तूरी वेदपरसदा निवासी साहिल मरावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर अन्य तीन साथियों के साथ शहर के अलग अलग इलाकों से 6 बाइक चोरी करने बाद बेच दिया है। उनकी निशानदेही पर 3 खरीददारों को पकड़कर चोरी की 6 बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- साहिल मरावी पिता जागेश्वर मरावी 19 साल वेदपरसदा मस्तूरी
- रितेश सेन पिता मनोज कुमार सेन 19 साल भनपुरी रायपुर
- निलेश शुक्ला उर्फ राजा पिता मनहरण शुक्ला 28 साल वेदपरसदा मस्तूरी
- हिमांशु जगत पिता रूपेश जगत 20 साल वेदपरसदा मस्तूरी

### वाहन खरीददार

- रघुनंदन पिता अभिराम साहू 24 साल वेदपरसदामसतूरी
- नंदकुमार पिता गोकुल रजक 26 साल वेदपरसदा मस्तूरी
- सोनू केंवट पिता रामभरोस केंवट 24 साल वेदपरसदा मस्तूरी

### जब्त चोरी की बाइक

- पैशन प्रो क्रमोक सीजी 10 ईके, 6971
- बजाज क्रमांक सीजी 11 केएन, 7988
- होण्डा साइन क्रमांक सीजी 1 एनबी, 1875
- हीरो पैशन प्रो क्रमांक सीजी 11 एयू, 6646
- हीरो स्पेलण्डर क्रं. सीजी 11 सीडी, 9216
- होण्डा साइन क्रमांक सीजी 24 वी, 8274

# सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए चेन स्नेचिंग करने वाले

**आरोपियों से सोने की चेन और लॉकेट बरामद**

**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस को युवती के गले से सोने की चेन व लाकेट लूटकर भागने वाले बाइक सवार दोनों युवक को पकड़ने में सफलता मिल गई है। उनके पास से लूटी गई सोने की चेन, लाकेट बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

23 मार्च की रात 10 बजे वैष्णवी विहार मंगला में रहने वाली शोभना भाण्डेकर पिता गुरू प्रसाद रेलवे स्टेशन से अपनी स्कूटी से भाई दीपांशु के साथ व्यापार विहार होते हुए घर जा रही थीं। स्कूटी पंचर होने पर वे धीरे धीरे गाड़ी चला रही थीं। पल्लव भवन पेट्रोलपंप के पास रांग साइड से बाइक सवार चेन स्नेचर आया और शोभना के गले से 1 तोला वजनी सोने की चेन व लाकेट लूटकर अपने साथी के साथ बाइक में बैठकर भाग गया था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम के द्वारा 300 सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया। फुटेज के आधार पर एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटे के नेतृत्व में

एसीसीयू प्रभारी तोप सिंह नवरंग, आशीष सिंह राठौर, विरेन्द्र राजपूत, अविनाश कश्यप एवं अन्य ने फुटेज के आधार शेख सलमान पिता स्व. शेख उस्मान 27 साल वार्ड 29 खुदीरामबोस चौक तारबाहर, आकास उर्फ आशु नायक पिता डैनी नायक 23 साल देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने शोभना भाण्डेकर से सोने की चेन व लाकेट लूटना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सोने की चेन, लाकेट व वारदात में प्रयुक्त बाइक, आटो, 5 हजार रुपए नकद जब्त कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी श्री सिंह ने पुलिस टीम की सराहना कर पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



### ऐसे की वारदात

दोनों भाई बहन की स्कूटी व्यापार विहार में पंचर हो गई। उस दौरान दोनों युवक रामा पोर्ट के पास खड़े थे। दोनों को धीरे धीरे जाते देख युवकों ने लूट की योजना बनाई। आटो से दोनों उनका पीछा करने लगे और आगे पीछे होकर नजर रखने लगे। महाराणाप्रताप चौक से दोनों रांग साइड से पल्लव भवन के पास जाकर भाई बहन के आने का इंतजार करते खड़े रहे। भाई बहन के आने पर एक युवक दूसरे साइड गया और युवती के गले से चेन व लाकेट लूटकर अपने साथी के साथ भाग गया था।

### लूट के जेवर को गोल्ड लोन कंपनी में गिरवी रखा

लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद नहीं पकड़े जाने पर दोनों युवकों ने आईआईएफ गोल्ड लोन कंपनी में गिरवी रखकर 80 हजार रुपए लोन ले लिया था। उनकी निशानदेही पर गोल्ड लोन कंपनी से जेवर बरामदगी की गई है।

# सीपत क्षेत्र के सागौन जंगल में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत वन परिक्षेत्र के निरतू गांव में सागौन के जंगल में भीषण आग लग गई, जिसकी सूचना मिलते ही विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम किया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के सीपत वन परिक्षेत्र के ग्राम निरतू में आग लगने की सूचना वन विभाग की टीम को दी गई थी। सूचना मिलने के बाद भी विभाग की ओर से कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। जमीनी स्तर पर न तो पर्याप्त कर्मचारी भेजे गए और न ही आग बुझाने के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की गई। घंटो बाद वन विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने के बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। समय पर आग पर काबू नहीं पाने के कारण सागौन के कई पेड़ जलकर खाक हो गए। दूसरी ओर बिलासपुर वन मंडल और बिलासपुर वन वृत्त के चारों रेंज कोटा, बिलासपुर, बेलगहना और रतनपुर सहित अन्य स्थानों पर गर्मी के सीजन में लगातार आग की घटना के बावजूद उड़नदस्ता की टीम आराम से बैठी हुई है। इस संबंध में बिलासपुर वन मंडल के रेंजर शुभम मिश्रा ने बताया कि सीपत के निरतू में लगी आग की सूचना मिलने के बाद तत्काल टीम मौके पर पहुंची थी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया था।

# तीसरे विश्व युद्ध की आशंका एशियाई देशों की एकता जरूरी

**बिलासपुर।** समाजवादी चिंतक व लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर गुरुवार को एकदिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ भवन में चर्चा करते हुए मिडिल ईस्ट के युद्ध और ऊर्जा संकट के बीच भारत की रणनीतिक क्षमता और विदेश नीति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संघर्ष का मूल कारण धर्म नहीं, बल्कि संपत्ति और कॉरपोरेट वर्चस्व है। ऐसे में एशियाई देशों की एकता जरूरी है।

- **एकदिवसीय प्रवास पर शहर पहुंचे लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर**

रघु ठाकुर ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया ने बहुत पहले एशियाई देशों को एकजुट होने की जरूरत बताई थी। उनका मानना था कि एशिया के अधिकांश देश आर्थिक रूप से कमजोर है और समाजवाद के रास्ते पर आगे बढ़ सकते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि उस समय भारत ने इस विचार को गंभीरता से नहीं लिया। लेकिन आज इसकी कमी साफ महसूस हो रही है। वर्तमान वैश्विक संघर्ष धर्म या सत्ता से अधिक कॉरपोरेट वर्चस्व और संपत्ति पर कब्जे को लेकर है। अमेरिका और रूस के बीच टकराव भी इसी वजह से है। उनके मुताबिक दुनिया में युद्ध लूट की संपन्नता को स्थाई बनाए रखने के लिए हो रहे हैं। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर श्री ठाकुर ने कहा कि भारत ने खुद को इतना सक्षम नहीं बनाया है कि वह वैश्विक संकटों को प्रभावित कर सके। उन्होंने कहा कि देश के पास पर्याप्त ऊर्जा संसाधन, सामरिक ताकत और आर्थिक क्षमता का अभाव है, जिससे वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक भूमिका नहीं निभा पा रहा। उन्होंने कहा कि युद्ध की स्थिति में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक फंसे हैं।

# सूने मकान से जेवर, नकद ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सूने मकान से चोरों ने जेवर व नकद रकम की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पा रही है।

सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम गिरधौना निवासी लक्ष्मी सिंगरौल पिता भगवानी सिंगरौल खेती किसानी करते हैं। 24 मार्च को वे अपने परिवार के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपनी बड़ी मां के नातीन के सगाई में शामिल होने चितावर चले गए थे। 25 मार्च को सुबह 10 बजे घर आए तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखते सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी में रखे चांदी के करधन, अंगूठी, 40 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री सिंगरौल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### एक दिन पहले दो सूने मकानों में चोरी

एक दिन पहले रतनपुर क्षेत्र के ग्राम पोंड़ी मोहदा निवासी दिनेश्वर यादव के घर से चोरो ने सोने चांदी के जेवर, 2500 रुपए नकद व कोटा क्षेत्र के ग्राम लमकेना निवासी रामकुमारी बंजारे के घर से 2 लाख के जेवर चोरी कर लिया गया था। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

रेलवे स्टेशन से चार्जिंग में लगा मोबाइल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, 25 मार्च को आनंद कुमार सलाम ने रेलवे स्टेशन में अपना मोबाइल चार्जर में लगाया था। उनके इधर उधर होने पर मोबाइल चोरी हो गया। आनंद कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस व आरपीएफ ने स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो एक व्यक्ति मोबाइल चोरी करते नजर आया। फुटेज के आधार पर चुचुहियापारा निवासी मनोहर उर्फ कछुवा विश्वकर्मा पिता हेतराम विश्वकर्मा 31 साल को पकड़कर उसके पास से चोरी की दो मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# 12 साल की बच्ची फांसी के फंदे पर झूली, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

12 साल की बच्ची घर में फांसी के फंदे में झूल गई। आनन फानन में परिजन फंदा खोलकर उसे सिम्स लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन के महिला प्रधान आरक्षक अनिता पाटले ने बताया, जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी विजय दिवाकर की 12 साल की बेटी इसानी दिवाकर 25 मार्च को दोपहर में पढ़ाई करने के लिए अपने कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उसके बाद कपड़ा सुखाने के तार में पैजामा से फंदा बनाकर झूल गई। दोपहर 3 बजे परिजन ने आवाज लगाई तो उसने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से जाकर देखे तो उसकी फंदे पर लाश लटकी थी। आनन फानन में खिड़की तोड़कर परिजन अंदर गए और फंदा खोले। उस दौरान उसकी सांस चल रही थी। परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया, जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। गुरूवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# फ्यूज कॉल सेंटर में मनमानी, शिकायत सुनने वाला नहीं रहता मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **बिजली विभाग के अधिकारी नहीं देते ध्यान**

बिजली विभाग का फ्यूज कॉल सेंटर लोगों को सहूलियत देने के बजाए परेशानी का सबब बन रहा है। गर्मी आते ही बिजली बंद की समस्या बढ़ चुकी है। ऐसे में उपभोक्ताओं के द्वारा बंद की शिकायत के लिए फ्यूज कॉल सेंटरों में कॉल किया जाता है, लेकिन आपरेटरों के द्वारा फोन तक नहीं उठाया जाता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को विभाग के अधिकारियों से बंद की शिकायत करनी पड़ती है। बिजली की समस्याओं के लिए फ्यूज कॉल सेंटर बनाकर विभाग ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया है। शहर के ज्यादातर फ्यूज कॉल सेंटरों में कर्मचारियों की कमी है और इसकी व्यवस्था ठेकेदारों पर है, लेकिन ठेके में रूपए बचाने के लिए गिनती के कर्मचारियों को ही काम में रखा जाता है। उपभोक्ता बिजली विभाग के फ्यूज कॉल सेंटरों में बिजली बंद की शिकायत करने कॉल लगाते है लेकिन सेंटरों से रिस्पांस नहीं मिल रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को घंटों हलाकान होना पड़ रहा है।



बिजली विभाग के फ्यूज कॉल सेंटर से कर्मचारी नदारद।

